ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

सुविचार

अपनो का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!

प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार 18.11.2024 वर्ष 11, अंक 312 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

समृद्ध झारखंड
भाजपा का प्रण
रोटी बेटी माटी की पुकार
झारखंड में भाजपा सरकार

स्मार्ट ग्रिड सिस्टम से 24X7 बिजली की सप्लाई

10 नए मेडिकल कॉलेज, 50 नए डिग्री कॉलेज बनेंगे

स्मार्ट सिटी की तर्ज पर सभी जिला मुख्यालय विकसित होंगे

सरकारी अस्पतालों में 25000 नए बेड बनेंगे

100 आदर्श गांव और 8000 उन्नत गांवों का विकास होगा

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

आ भा ज पा सू

अबकी बार रोजगार देने वाली सरकार

झारखंड विधानसभा चुनाव-2024

24-मांडू विधानसभा

एनडीए उम्मीदवार

निर्मल महतो (तिवारी महतो)

को केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं

आजसू पार्टी
इलाका प्रयास : सामाजिक न्याय और विकास

काम किया है काम करेंगे

चुनाव चिन्ह केला छाप

क्रमांक सं 3

15 महीनों का कार्यकाल

◆ बेहतर कनेक्टिविटी, बेहतर विकास
* 333 करोड़ गोला-मूरी फोर लेन सड़क की आधारशिला रखी गई।
* लगभग 100 करोड़ की लागत से 140 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण।
* 27 करोड़ की लागत से ललकी घाटी से छत्तरमांडु तक सड़क का निर्माण।
* 35 करोड़ की लागत गोला में ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए रेल ओवर ब्रिज का निर्माण।
* लगभग 40 करोड़ की लागत से 10 से अधिक पुल -पुलिया का निर्माण।
* डीएमएफटी मद से लगभग 100 करोड़ की लागत से 100 से अधिक पीसीसी पथ का निर्माण।

◆ शिक्षित रामगढ़, विकसित रामगढ़
* 35 से अधिक विद्यालयों के चारदीवारी का निर्माण।
* 16 से अधिक विद्यालयों में 90 से अधिक कमरों का निर्माण।
* 45 से अधिक विद्यालयों में किचन सेड का निर्माण।
* चार प्रखंडों में 60 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण।

◆ हर घर हुआ रोशन
* 172 करोड़ की लागत से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में HT, LT लाईन के जर्जर तार, पोल और ट्रांसफार्मर बदले जा रहे।
* गांव और शहरी क्षेत्र के चौक चौराहों को रोशन करने के लिए 531 मिनी मास्ट लाइट का अधिष्ठापन किया गया।

◆ बेहतर संरचना, बेहतर विकास
* 9 करोड़ की लागत से प्रखंड -सह-अंचल कार्यालय रामगढ़ का निर्माण।
* 5 करोड़ की लागत गोला ब्लॉक में स्टाफ क्वॉर्टर का निर्माण की आधारशिला।
* बिरसा बस स्टैंड के पास छावनी विश्राम गृह का निर्माण।

◆ सशक्त निर्माण, समृद्ध किसान
* 320 करोड़ की लागत से गोला दुलमी और चितरपुर प्रखण्ड के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन द्वारा नहर निर्माण स्वीकृति।

मेरा लक्ष्य
- रामगढ़ में मेडिकल कॉलेज और सरकारी नर्सिंग कॉलेज का निर्माण।
- रामगढ़ महाविद्यालय में जनजातीय एवम क्षेत्रीय भाषा सहित पीजी की पढ़ाई प्रारम्भ करना।
- गोला में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करना।
- महिला इंजिनियरिंग कॉलेज को शुरू करना।
- महिला महविद्यालय लारी रामगढ़ को शुरू करना।
- कस्तूरबा विद्यालय दुलमी को शुरू कराना।
- रोजगार का बेहतर विकल्प सृजित करना।

बैलेट न. 3

सुनिता चौधरी

NDA प्रत्याशी, 23 – रामगढ़ विधानसभा

चुनाव चिन्ह केला छाप

आपके समर्थन से, रामगढ़ का भविष्य उज्ज्वल और सशक्त बनाने के लिए सुनिता चौधरी जी निरंतर प्रयासरत हैं। हर कदम रामगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की ओर!

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

हत्या के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : शहर थाना की पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी बिहारी भुइया और अनीश भुइयां को उनके घर से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दिया कि 14 जुलाई 2024 को शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा दो नंबर टाउन कुम्हार टोला निवासी विकाश भुइयां को आपसी विवाद में उसी मोहल्ला के बिहारी भुइया, मनीष भुइयां और अनीश भुइयां उर्फ बौना ने तलवार, भुजाली तथा चाकू से मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद परिजनों द्वारा विकाश भुइयां को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने विकाश भुइयां को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। इलाज के लिए रांची रिम्स जाने के क्रम में लातेहार में विकास की मौत हो गई थी। उसके मौत के बाद से तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों को शहर थाना की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इसी बीच टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह, मुकेश सिंह, राजेश चंद्रवंशी और सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की दोनो आरोपी बिहारी भुइयां और अनीश भुइयां अपने घर पर हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपी बिहारी भुइया और अनीश भुइयां को उनके घर से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी मनीष भुइयां अभी भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी गई है।

ग्रामीणों ने पदाधिकारियो से राशनकार्ड बनवाने की किया है मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : कांडी प्रखंड के हरिहरपुर गांव स्थित महुवाधाम टोला सहित अन्य गांव के ग्रामीण दो वर्षों से राशन कार्ड ऑन लाइन करने का प्रयास कर रहे है।लेकिन किसी का राशन कार्ड अभी तक ऑन लाइन नही हो पाया।सैकड़ो पात्र ग्रामीण दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है।लेकिन कर्मियों के लापवाही की वजह से इनका राशन कार्ड आज तक नही बन पाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग दो वर्ष से आनलाइन करा रहे हैं व संबंधित कार्यालय एवं समय समय से सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर कैंप लगता है। उस कैंप में भी राशनकार्ड बनाने को लेकर पेपर जमा करते हैं पर विभाग का घोर लापरवाही के चलते उक्त कार्य का निष्पादन अभी तक नहीं हुआ।इस वजह से गरीब परिवार राशन लेने से वंचित हैं। इस संबंध में कार्ड से वंचित रविन्द्र चौधरी, वंशी पासवान, मनोज पासवान, प्यारी राम, फुलवंती देवी, शांति देवी सहित कई लोगों ने संबंधित विभाग एवं पदाधिकारियों से मांग किया है।

ट्रेन के झटके से एक युवक गंभीर रूप घायल

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद शहर के जपला रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन के चपेट में आने से एक 12 वर्षीय लड़का घायल हो गया, बताया जा रहा है कि लड़का रेलवे क्रॉसिंग पार हो रहा था उसी समय ट्रेन आ गया मौजूद लोगों के आवाज देने पर लड़का पीछे हटा लेकिन तब तक ट्रेन का झटका से लड़का दूर जा गिरा, घायलवस्था में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ से ईलाज के बाद रेफर कर दिया गया, लड़का अपने परिवार के साथ हुसैनाबाद के दुर्गाबाड़ी के समीप किराए का मकान में रहकर पढ़ाई करता था, लड़का के परिजन अस्पताल पहुच गए थे।

सड़क दुर्घटना में 30 वर्षीय व्यक्ति घायल, स्थिति गंभीर

पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता): पाटन थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी मिथलेश मेहता का पुत्र मंजीत मेहता उम्र 30 वर्ष बीती रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की शनिवार की रात मंजीत मेदिनीनगर से बाइक पर सवार होकर अपना घर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में गायत्री मंदिर सुदना में बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल मंजीत को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल मंजीत का इलाज करवा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): शनिवार की देर शाम जपला हैदरनगर मुख्य सड़क के चौकड़ी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल युवक ताज मोहम्मद बिहार के औरंगाबाद जिला के सुंदरगंज गांव का रहने वाला है वह शादी का निमंत्रण कार्ड देने हैदरनगर अपने रिश्तेदार के यह जा रहा था, जाने के क्रम में उसका बाइक चौकड़ी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।

खाना बनाने के क्रम में महिला झुलसी, मौत

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कुकही गांव निवासी गोविंद पासवान की पत्नी रीमा देवी 30 वर्ष खाना बनाने के क्रम में झुलस गई। घटना रविवार सुबह की बताई जाती है।परिजनों ने तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गई।

एके सिंह कॉलेज जपला में शोक सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य स्व0 चन्द्रेश्वर प्रसाद अधिवक्ता के निधन से मर्माहत कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 सूर्यमणि सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में शोक-सभा का आयोजन किया। प्रो0 सूर्यमणि सिंह ने उन्हें याद करते हुए कहा कि अधिवक्ता स्व0 चन्द्रेश्वर प्रसाद के निधन से पूरा कॉलेज परिवार मर्माहत है, उन्होंने कॉलेज की स्थापना काल से लेकर जीवन पर्यन्त कॉलेज के विकास प्रगति में अपना तन-मन-धन से सेवा किया है। वे एक मिलनसार, मृदुभाषी, मार्गदर्शक, शिक्षाप्रेमी, विधि विशेषज्ञ, विद्वान पुरुष थे। उन्होंने समय-समय पर मुझे तथा कॉलेज परिवार को सदा ही मार्गदर्शन किया है। उनके निधन से कॉलेज परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। इसके उपरांत कई विद्वान प्रोफेसरों ने अपने भाव उद्गार व्यक्त किए। शोक सभा में नैक को-आर्डिनेटर सह हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 आलोक रंजन कुमार, ए.सी. एस डॉ0 प्रो0 शिवकुमार विश्वकर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो0 अशोक कुमार सिंह, आइक्यूएसी को-आर्डिनेटर प्रो0 अरुण कुमार सिंह कार्यक्रम समन्वयक प्रो0 राजेश कुमार सिंह, प्रो0 सुनील कुमार सिंह, प्रो0 डॉ0 अजय कुमार सिंह, प्रो0 अयुब, प्रो0 हरेन्द्र नारायण सिंह, प्रो0 प्रशांत कुमार सिंह, प्रो0 रेखा कुमारी सिंह, प्रो0 राहुल कुमार सिंह, प्रो0 रवि कुमार, प्रो0 डॉ0 चन्दन कुमार सिंह प्रो अभिषेक कुमार, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह तथा अनेक शिक्षकेतर कर्मचारीगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

दहेज की बलि चढ़ गई हुसैनाबाद की एक और बेटी



मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ी है.

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद की एक बेटी ने दहेज की मांग के कारण अपनी जान गंवा दी है. दहेज को लेकर सास और ननद ने मिलकर अपनी गर्भवती बहु की हत्या गला दबाकर कर दी है. ये आरोप मृतिका के पिता द्वारा लगाए जा रहे हैं. दरअसल, हुसैनाबाद के देवरी रोड में छोटी कुमारी (19 वर्षीय) अपने कमरे में मृत पाई गई. घटना शनिवार की है. घटना के बारे में बताया जा रहा है कि, छोटी कुमारी का पति सुभाष शर्मा हुसैनाबाद की एक दुकान में काम कर रहा था. इसी बीच सुभाष की मां ने उसे फोन कर बताया कि उसकी पत्नी छोटी कुछ बोल नहीं रही है. जिसके बाद घर पर एंबुलेंस भी मंगाया गया. लेकिन एंबुलेंस आने पर घर के लोगों ने कहा कि मरीज ठीक है अस्पताल नहीं जाना है. वहीं, जब सुभाष अपने घर पहुंचा तो पाया कि उसकी पत्नी जो सात माह की गर्भवती है हुसैनाबाद भेजा. पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया. मृतिका के पिता देवेंद्र शर्मा का कहना है कि उनकी बेटी ने हुसैनाबाद के देवरी रोड निवासी सुभाष शर्मा के साथ जुलाई 2023 में प्रेम विवाह किया था. इस कारण घर के लोगों ने सुभाष शर्मा को घर से निकाल दिया था. शादी के बाद दोनों किराए के मकान में रहते थे.लेकिन एक दिन पहले ही सुभाष अपनी पत्नी छोटी के साथ अपने पिता के देवरी रोड स्थित घर में रहने गया था. इसी बीच शनिवार की शाम जब छोटी का पति काम करने हुसैनाबाद बाजार गया तो सुभाष की माता व सुभाष की बहन ने छोटी को गला दबा कर मार डाला और बीमार होने का नाटक कर एंबुलेंस बुलाया. फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में मृतिका के पिता देवेंद्र शर्मा ने आवेदन नहीं दिया है.

संत मरियम स्कूल के प्रांगण में व्यवसाई संघ की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पूर्वघोषित कार्यक्रम के अनुसार पलामू जिला व्यवसाई संघ की आम सभा सह निर्वाचन दिनांक 17 नवंबर 2024 दिन रविवार को 11:30 बजे संत मरियम स्कूल के प्रांगन में हुई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रभात कुमार अग्रवाल ने किया। इस बैठक में संचालन कर रही थी रोहिनी सिंह ने पलामू ज़िला व्यवसाई संघ की स्थापना से लेकर अभी तक का संक्षिप्त इतिहास उपस्थित व्यवसाई बंधुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। सभा में संरक्षक प्रमोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष गणेश गोस्वामी, सचिव नागेंद्र कुमार, सक्रिय सदस्य मनोज जैन, चैनपुर इकाई अध्यक्ष बिनेश प्रसाद नवागंतुक सदस्य मनोज कुमार सिंह (श्री राम सेल्स) एवं विशेष रूप से हिंदुस्तान के सतीश सुमन एवं प्रेस प्रतिनिधि आनंद कुमार, बिफोर प्रिंट के रंजीत कुमार उपस्थित थे।संघ के निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रभात कुमार अग्रवाल एवं चैनपुर इकाई के बिनेश प्रसाद को पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं उन्हें नई टीम बनाने के लिए अधिकृत किया गया।

मुरमा खूर्द में लगाया गया मेडिकल कैंप

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : बिश्रामपुर के नौगढ़ा फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को मुरमा खुर्द मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया. जिसमे दो सौ से भी ज्यादा मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया गया. सभी को मुफ्त दावा भी दी गई. इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन प्रमुख रंभा कुमारी, मुखिया राधाकृष्ण साव, प्रधानाध्यापक विनोद पासवान, फोर्टिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अध्यक्ष नितेश कुमार पाठक व निदेशक प्रेम प्रकाश पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. श्रीसत्य साई एजुकेशनल ट्रस्ट सह फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन नीतिश कुमार पाठक ने बताया कि शिविर का आयोजन नियमित ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता रहेगा. वैसे लोग जो शिविर में भाग नहीं ले सके उन्हें फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी. शिविर में डॉ सरफराज अंसारी, डॉ मनीष शुक्ला, प्रदीप ओझा, मनोज कुमार, रानी कुमारी, सुनीता सिंह, कल्पना कुमारी, रामनिवास पाठक, अली नवाज, देवेंद्र पाठक, जयशंकर राम आदि ने मरीजों का जांच व उपचार किया।

लायंस क्लब द्वारा की जा रही मरीजों की सेवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल द्वारा गोद लिए हुए टीबी मरीजों के बिच रविवार को दस मरीजों के बिच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। गत कई वर्षों से क्लब द्वारा इस प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में उन्हें पौष्टिक आहार दिया जाता है तथा उनकी देखभाल भी की जाती है। साथ ही क्लब द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्य में आज पांचवें रविवार को हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों की निःशुल्क जांच और परामर्श डॉ एन के रजक के द्वारा प्रियदर्शिनी अस्पताल में दी गई। इस मौके पर डॉ कमलेश कुमार, डॉ एनके रजक, ब्रजमोहन प्रसाद, डॉ मोनज्जिर हसन, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, गिरिश कमलापुरी, विश्वास शर्मा समेत अन्य लोग शामिल थे।

सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने रोका कार्य

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): रंका-अंबिकापुर एनएच 343 मुख्य पथ से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुढ़ा परास से बांदु बाजार तक बन रहे कालीकरण पथ निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरते जाने पर ग्रामीणों ने रविवार को काम बंद कर दिया। ग्रामीण व झामुमो सदर तालिब अंसारी, कांग्रेस के मेराज अंसारी, सपा के प्रखंड अध्यक्ष अकबर अंसारी, मुनतब अंसारी, सोनु अंसारी, नफीस अंसारी, मो इस्लाम, अलीम हैदर अंसारी, सहित 150 ग्रामीणों ने बांदु बाजार के पास सड़क निर्माण कार्य बंद करा दिया। उन्होंने विभागीय कनीय अभियंता को बुलाने को मांग को लेकर धरना पर बैठ गये। तालिब अंसारी ने कहा कि रविवार की रात में घटिया सामग्री मसलन गिट्टी, अलकतरा से सड़क निर्माण करा दिया गया। सुबह में घटिया सड़क निर्माण कार्य देख कर ग्रामीण आक्रोश में हो गये और काम बंद करा दिया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से संवेदक पर जांच के उपरांत कार्रवाई की मांग किया है।

आग से जलकर 30 वर्षीय महिला घायल, स्थिति गंभीर

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव निवासी गोविंद पासवान की पत्नी रीमा देवी उम्र 30 वर्ष आग से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल रीमा देवी के पति गोविंद पासवान ने बताया की शनिवार की रात रीमा अपने घर में गैस चूल्हा पर खाना बना रही थी।इसी बीच आग इसके कपड़ा में पकड़ लिया। जिसमे वह पूरी तरह आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल रीमा देवी को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पर भी इलाज के बाद उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उसकी गंभीर स्थिति को देख कर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स लेकर गए।

अतिक्रमण का दंश झेल रहा नगर परिषद का लाईफ लाइन भेलवा नदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : भेलवा नदी को बिश्रामपुर नगर परिषद का लाईफ लाइन माना जाता है. लेकिन लगातार हो रहे अतिक्रमण से यह नदी अब नाला बन चुका है.हद तो तब ही गई जब स्थानीय लोगों ने नदी को कचरे का डंपिंग यार्ड बना दिया. जिसके कारण भेलवा नदी का अस्तित्व ही संकट में आ गया है. वर्तमान हालात यह है कि नदी के किनारे का वातावरण पूरी तरह दूषित हो चुका है. जिससे लोगों का जीना भी मुहान हो गया है. बावजूद नगरीय प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है. भेलवा नदी का आगम स्थल नप के सीमा पर स्थित बंदूआ गांव के पूर्व में स्थित एक पहाड़ी से है.जहां से शुरू होकर यह नदी नगर परिषद क्षेत्र के बीचों बीच से लगभग 15 किलोमीटर गुजरते हुए रेहला घोरडीहा गांव के पास कोयल नदी में जाकर मिल जाता है.इस नदी के किनारे दर्जन भर से भी ज्यादा गांव बसे हुए हैं.कभी यह नदी किनारे बसे हुए गांव के लोगों के लिए वरदान था. इसी नदी का लोग पानी पीते थे. खेतों का पटवन भी करते थे. लेकिन आज यह जीवनदायी नदी अतिक्रमण का शिकार होकर नाला बन गई और गंदगी के अंबार से दूषित हो चुकी है.

सैकड़ों घरों के शौचालय का गंदगी पाइप से नदी में गिराया जा रहा है

नदी किनारे बने सैकड़ों घरों के शौचालय का गंदगी पाइप द्वारा सीधे नदी में गिराया जा रहा है. जिसमें से ज्यादातर घर बिश्रामपुर नप मुख्यालय में ही स्थित हैं. यहां लोगों ने घरों में शौचालय तो बनवाया, लेकिन सेफ्टी टैंक नहीं बनवाया. शौचालयों का मल मूत्र सीधा पाइप द्वारा नदी में गिराया जाता है.इसके अलावा स्थानीय लोगों द्वारा नदी में ही कूड़ा कचरा भी फेका जा रहा है.इससे जहां नदी के आसपास दुर्गंध फैल रहा है वहीं नदी भी संकुचित होते जा रही है.बावजूद स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है.

नदी को कराया जायेगा अतिक्रमणमुक्त : सीओ

बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में है.नदी का सीमांकन और मापी कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा.आचार संहिता खत्म होते ही इसकी प्रक्रिया शुरू की जायेगी.

नदी में कचरा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई : नगर प्रबंधक

बिश्रामपुर नगर परिषद के नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने कहा कि नदी में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई की जायेगी.नगर परिषद द्वारा जगह जगह कूडादान लगाया गया है.आम लोग उसी में कचरा डालें,ताकि उन कचरों को शहर से बाहर सुनसान जगह पर ले जाकर नष्ट कराया जाऐ।

आयुष्मान अस्पताल में समरसेबल और अन्य उपकरणों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : मझिआंव थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत सचिवालय के सामने स्थित आयुष्मान अस्पताल में शनिवार रात चोरी की बड़ी घटना हुई। अस्पताल में हाल ही में लगाया गया पानी का समरसेबल, स्टार्टर, तार, दो बिजली के बोर्ड, और अन्य उपकरण चोरों ने चुरा लिए। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी आकाश कुमार के निर्देश पर एसआई चंदन प्रधान ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। अस्पताल में कार्यरत सीएचओ खुशबू रानी ने बताया कि तीन दिनों से समरसेबल लगाने का कार्य चल रहा था। शनिवार शाम करीब 4-5 बजे इसे पूरी तरह स्थापित कर दिया गया था। रात में चोरों ने अस्पताल की बाउंड्री फांदकर अंदर प्रवेश किया और ग्रिल गेट का ताला तोड़कर समरसेबल, स्टार्टर, इनवर्टर, बैटरी, स्विच बोर्ड, और तार सहित अन्य सामान चुरा लिया।चोरी को अंजाम देने से पहले चोरों ने बिजली के पोल से जुड़े मुख्य तार को काटकर विद्युत कनेक्शन बाधित कर दिया। चोरी की यह घटना तब सामने आई जब सुबह ग्रामीणों ने देखा कि बाउंड्री का ताला यथावत था, लेकिन बाउंड्री की कम ऊंचाई का फायदा उठाते हुए चोर अंदर घुस गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मामले की जांच जारी थी और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।इस घटना ने स्थानीय क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 18.11.2024 | वर्ष 11, अंक 312 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार
अपनों का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!

क्विक न्यूज

हॉकी चैंपियन ट्रॉफी में मलेशिया ने थाईलैंड को हराया

बिहारशरीफ : मलेशिया की महिला हॉकी टीम ने रविवार को राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के अपने ग्रुप चरण के अंतिम मुकाबलों में से एक में थाईलैंड को हराया।मलेशिया ने शुरुआती मिनट से ही आक्रामक शुरुआत की। मैच शुरू होते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन गोलकीपर सुरोंग वू ने शानदार बचाव किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के मजबूत डिफेंस के कारण कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने एक काउंटर अटैक पर गोल करने में कामयाब हो गयी लेकिन थाईलैंड गोलकीपर बिचू ने शानदार बचाव किया पर सफल नहीं हो सका। थाईलैंड ने भी कई बार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित पर कोई गोल नही कर सकी। वहीं दूसरा मैच चाईना और कोरिया के बीच मुकाबला शुरू हुआ, जिसमें चाईना एक गोल से बढत बनाये है।वहींअगला मुकाबला भारतका अपना अंतिम ग्रुप मैच जापान के खिलाफ शाम 4:45 बजे खेलेगा।

हावड़ा में तृणमूल विधायक की कार दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

हावड़ा : तृणमूल विधायक गयासुद्दीन मोल्ला की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसा शनिवार देर रात हावड़ा के शिवपुर के पास फोरशोर रोड पर अवनि मॉल के पास हुई। इस घटना में दो की मौत हुई है। हालांकि हादसे के वक्त विधायक गाड़ी में मौजूद नहीं थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोलकाता के वाटगंज के निवासी एक व्यक्ति ने हावड़ा जिला अंतर्गत बांकड़ा में नया घर बनाया है। उसी के गृहप्रवेश कार्यक्रम से छह लोगो को लेकर विधायक गयासुद्दीन मोल्ला के कार चालक वापस वाटगंज छोड़ने के लिए जीटी रोड से पिलखाना की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अवनि मॉल के पास गाड़ी एक ट्रॉलर से टकरा गई। हादसे में कार में मौजूद पांच में से दो लोगों की मौत हो गई। बाकी तीन लोगों को गंभीर हालत में हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से सड़क पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। घटना की खबर पाकर ट्रैफिक पुलिस आई और यातायात नियंत्रित किया जिसके बाद जाम खत्म हुआ।

प्रधानमंत्री ने बालासाहेब ठाकरे को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बालासाहेब ठाकरे को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बालासाहेब को एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया, जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तीकरण के लिए काम किया। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं महान बालासाहेब ठाकरे को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तीकरण के लिए काम किया। वह भारतीय संस्कृति और लोकाचार के गौरव को बढ़ाने में दृढ़ विश्वास रखते थे। उनकी निर्भीक आवाज़ और अटूट भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

देव दीपावली के बाद नमामि गंगे ने वेदपाठी बटुकों के साथ गंगा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी : देव दीपावली पर्व बीतने के बाद गंगा तट पर बिखरे धार्मिक निर्माल्य को बटोरने के लिए नमामि गंगे ने रविवार को अभियान चलाया। इसमें महर्षि योगी वेद विज्ञान विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भी पूरा साथ निभाया। कार्यकर्ताओं के साथ बटुकों ने संकठा घाट, सिंधिया घाट से मणिकर्णिका घाट तक गंगा किनारे पड़े हुए निर्माल्य, पॉलीथिन, कपड़े चुनरी एवं धार्मिक तस्वीरें इत्यादि को बटोर कर नगर निगम के कर्मचारियों के सुपुर्द किया।

बारामती हेलीपैड पर चुनाव आयोग ने शरद पवार के बैग की तलाशी ली

मुंबई : चुनाव आयोग की टीम ने बारामती हेलीपैड पर रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के बैग की तलाशी भी ली। शरद पवार के बैग की तलाशी शनिवार को भी चुनाव आयोग ने ली थी। इसके साथ ही आज शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बैग की भी तलाशी ली गई। चुनाव आयोग की टीम रविवार को पहले से ही बारामती हेलीपैड पर मौजूद थी। चुनाव प्रचार के लिए शरद पवार का हेलीकॉप्टर उतरते ही टीम पहुंची और शरद पवार का बैग चेक करने के लिए हेलीकॉप्टर में रखे सामान की जांच-पड़ताल की। इसके बाद चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि बैग में कपड़ा, अखबार आदि मिला है।

रांची का तापमान
अधिकतम 38°
न्युनतम 26°

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जामताड़ा में चुनावी सभा को किया संबोधित

जाति-धर्म में विभाजित करने का कार्य करती है भाजपा : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामताड़ा : भाजपा पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जामताड़ा में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि इन लोगों ने एक भी काम आदिवासियों, किसानों, गरीबों के लिए नहीं किया है। राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए उन्होंने क्या किया। कुछ नहीं। सिर्फ जाति और धर्म में लोगों को विभाजित करने का कार्य करते हैं। ये लोग देने वाले लोग नहीं लेने वाले लोग हैं। इनका कार्य लोगों को एक दूसरे से लड़ाने का है। हमलोग जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करते हैं। सभी वर्ग को महा गठबंधन सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है।हेमन्त सोरेन ने कहा पूरा विपक्ष का लोग झारखण्ड में डेरा डाले हुए है। इनलोगों को हमलोगों ने पांच साल सत्ता से बाहर रखा है। ये लोग सत्ता में आने के लिए छटपटा रहें है। लेकिन हमें इन्हें सत्ता से दूर रखना है। ये लोग हमारे खनिज, जल, जंगल और जमीन पर इनकी नजर है। इसलिए हमें इन्हें मिलकर झारखण्ड से खदेड़ना है। इन लोगों ने मुझे जेल भेज कर सरकार गिराने का प्रयास किया, लेकिन महा गठबंधन सरकार इनके आगे पहाड़ बनकर खड़ा है, जिसे डिगा पाना इनके बूते की बात नहीं। देश के संविधान को बचाने के लिए हमारी एकजुटता जरूरी है। हेमन्त सोरेन ने कहा आने वाले दिनों में आपके घर में जाकर पदाधिकारी आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे। हम ऐसी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रहें हैं। राज्य अलग हुए 24 वर्ष हो गए, इस झारखण्ड को देश का सबसे अमीर राज्य होना चाहिए था, यहां से पलायन रुकना चाहिए था। लेकिन उनकी गलत नीतियों की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई। इसलिए इस चुनाव में आप महा गठबंधन की सरकार को मजबूत करने का कार्य करें।मुख्यमंत्री ने कहा हम लोगों ने 5 वर्ष तक आपके बीच में सेवा की है जो चुनौती हमने देखी है, वह राज्य अलग होने के बाद किसी सरकार को ऐसी चुनौती नहीं मिली थी।
उन्होंने आगे कहा कि जिस सरकार के ऊपर गरीब गुरबा का आशीर्वाद हो उसे कोई कुछ नहीं कर सकता। गठबंधन की सरकार राज्य के गरीबों के हाथों को मजबूत कर रही है।
भाजपा नहीं चाहता कि गरीब-गुरबा मजबूत हो, इसलिए इन्होंने चुनाव को भी समय से पहले कराने का काम किया है। हेमन्त सोरेन ने कहा हम लोगों ने झारखंड के लोगों को मजबूत करने के लिए बकाया बिजली बिल माफ किया, किसानों का कृषि ऋष्ण माफ किया गया है, माता एवं बहनों को सम्मान स्वरूप सम्मान राशि प्रदान की गई। अब माता बहनों की सम्मान राशि दिसंबर से 2500 रुपया होने जा रहा है। आने वाले 5 वर्ष में हर परिवार तक एक लाख पहुंचाने का हम वादा करते हैं।

तेजस्वी ने झरिया से कॉंग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज को जिताने की अपील की

झरीया : जेलगोड़ा मानस मंदिर मैदान पर इंडिया गठबंधन के द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें झरिया से कॉंग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह को जिताने का शंकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा है की भाजपा में नेताओं की कमी है।उन्होंने कहा है की इंडिया गठबंधन नौकरी बांट रही है। वहीं भाजपा वाले तलवार बाट कर मुस्लिम-हिन्दू एकता को खत्म करने में लगे हुए हैं। उन्होंने भाजपा से सवालिया लब्जे में कहा है की देश में हिन्दू प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रपति सहित तीनो सेना प्रमुख हिन्दू हैं. तो कहां हिन्दू खतरे में है।
उन्होंने कहा है की यूपीए सरकार जब थी तो 60 रुपये पेट्रोल, 400 रुपये सिलेंडर मिलता था, तब भाजपा नेताओं को महंगा लगता था। अब 1200 रुपये सिलेंडर एवम 100 रुपये पेट्रोल हैं तो सस्ता लगता है। पहले मंहगाई मोदी को डायन लगती थीं, अब महबूबा लगती है।

आज शाम थम जाएगा दूसरे चरण का चुनाव प्रचार

*** कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर 20 नवंबर को होगा मतदान**

*** निजी वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर आदि लगा कर चलने पर होगी कार्रवाई**

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सोमवार 18 नवंबर की शाम को दूसरे चरण का प्रचार अभियान थम जाएगा। 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। उन्होंने कहा कि साइलेंस पीरियड शुरू होते ही जो लोग चुनाव प्रचार आदि कार्य से मतदान वाले क्षेत्र में गये हैं, उन्हें वहां से तत्काल निकलना होगा। ऐसा नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां 19 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी।
इस चरण के चुनाव में किसी भी बूथ पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को नहीं भेजा जाएगा। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने कहा कि निजी वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर आदि लगा कर चलने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे चेकिंग करें और किसी भी वाहन पर बोर्ड, बैनर आदि मिलने पर मोटर व्हैकिल नियमों के तहत यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के 14,218 बूथों में से 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। वहीं महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की संख्या 239 है। 22 मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे। जबकि, युवाओं के हाथों में 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था रहेगी।उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 196 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक 85 लोगों पर एफआइआर दर्ज किया गया है।

मणिपुर में एनपीपी ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लिया

एजेंसी

इंफाल : मणिपुर में नेशनल पीपल्स पार्टी और बीजेपी का गठबंधन खत्म हो चुका है। एनपीपी ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे खत में एनपीपी की तरफ से कहा गया है कि बीरेन सिंह की सरकार मणिपुर में हिंसा रोकने में विफल रही है।
कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी ने राज्य में मौजूदा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने कहा कि संकट से निपटने के तरीके और निर्दोष लोगों की जान जाने से असंतुष्ट होकर तत्काल प्रभाव से सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की है।
एनपीपी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है,हमें दृढ़ता से लगता है कि बीरेन सिंह के नेतृत्व में मणिपुर राज्य सरकार संकट को हल करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रही है। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, नेशनल पीपुल्स पार्टी ने मणिपुर राज्य में बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है। एनपीपी के साथ गठबंधन टूटना बीजेपी के लिए बड़ा झटका है। हालांकि, अभी भी राज्य में भाजपा सरकार बनी रहेगी। 60 सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में बीजेपी के पास अभी भी बहुमत है। भाजपा के पास फिलहाल 37 सीटें हैं, जो बहुमत के लिए 31 से ज्यादा हैं।

बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी भाजपा : जेपी नड्डा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोकारो : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने घुसपैठ के मामले पर कहा कि भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी।
कोई भी बांग्लादेशी आदिवासियों की जमीन नहीं ले पाएगा।नड्डा रविवार को बोकरो के गोमिया में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोशिश कर रही है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के जरिए लैंड जिहाद कर सके। इसमें हेमंत सरकार भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए मदरसों में ठहरते हैं। इनका आधार कार्ड भी बनता है। इसके बाद हेमंत सरकार इन्हें जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है। इसमें सिर्फ हेमंत सोरेन ही नहीं कांग्रेस और राजद भी भ्रष्टाचारी है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। नड्डा ने कहा कि झारखंड में छह लेन का ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगा। जो बनारस से कोलकाता वाया रांची तक जाएगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर बहन को प्रति माह 2100 रुपये दिया जाएगा और लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार आने पर दो लाख 87 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। साथ ही सरकार पांच लाख युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने आप लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। झामुमो ने पांच साल में झारखंड के आदिवासी राज्य को केवल लूटा है। उन्होंने 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी आजकल ओबीसी की बात कर रहे हैं। संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें ओबीसी की बहुत चिंता है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब मंडल आयोग की रिपोर्ट आई तो उनकी दिवंगत दादी उस पर क्यों बैठी रहीं और उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

नाइजीरिया के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित हुए पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है. अफ्रीकी देश नाइजीरिया के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को नाइजीरिया ने अपने पुरस्कार- द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया है. इससे पहले यह सम्मान सिर्फ महारानी एलिजाबेथ को ही मिला है. ऐसे में पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी नेता हैं. ब्रिटेन की महारानी को 1969 में यह पुरस्कार दिया गया था. यह किसी देश की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 17वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है. इससे पहले पीएम मोदी के नाइजीरिया पहुंचने पर वहां के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू ने अबुजा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया. संघीय राजधानी क्षेत्र के मंत्री न्येसोम एजेनवो वाइक ने प्रधानमंत्री मोदी को अबुजा के शहर की चाबी भेंट की. इसके बाद पीएम मोदी को द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस सम्मान के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाइजीरिया के राष्ट्रपति टीनूबू को धन्यवाद दिया.

हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगी झारखंड की जनता : कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड की जनता हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगी। हिमंता अपने बोल वचन से झारखंड में भाजपा का राजनीतिक अंतिम संस्कार कराकर वापस लौट जाएंगे। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को कही।प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के संबंध में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए सोनाल ने कहा चार महीनो से पूरे झारखंड में घूमकर झारखंडियों को लड़ाने की कोशिश करने वाले हिमंता ने भाजपा को रसातल में मिला दिया है और अपने उलूल जुलुल बयानों से उन्होंने झारखंडियों की आंखें खोल दी है। झारखंड के लोगों ने चुनाव के दौरान यह देख लिया है कि महागठबंधन सरकार विकास की सोच के साथ चुनावी मैदान में है और भाजपा धार्मिक चश्मे से जनता को पूरा झारखंड दिखा रही है। धर्म आधारित सारे एजेंडो के समाप्त होने के बाद अब व्यक्तिगत बदजुबानी पर हिमंता बिस्वा सरमा उतर आए हैं।सोनाल ने कहा कि राजनीतिक आतंकवाद के एजेंडे के तहत भाजपा समुदायों को आपस में लड़ाकर झारखंड की सत्ता चाहती है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024 | पेज 4

खलारी में धान की कटाई शुरू, अच्छी फसल देख किसानों के खिले चेहरे

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी प्रखंड में धान की कटाई शुरू हो गई है। छठ मनाने के बाद अब किसान पूरी तरह से कृषि कार्य में जुट गए है। हालांकि जिन किसानों ने धान की रोपाई पहले कर दी थी, उनकी फसल दीपवाली के पूर्व से ही तैयार हो गयी थी। देरी से खेती करनेवाले किसानों की फसल तैयार होने में अभी कुछ समय और लगेगा। जबकि ज्यादातर खेतों में धान की फसल पककर तैयार हो गई है। ऐसे में खलारी के लगभग किसानों ने मजदूरों की मदद से धान काट रहे हैं। धान की अच्छी फसल को देखकर किसान समय पर धान संग्रह एवं अन्य व्यवस्था के लिए खलिहान तैयार करने में जुट गए हैं, जिससे ससमय खेत से धान कटनी कर खलिहान में चढ़ाया जा सके। ग्राम करकट्ठा के किसान किशुन मुंडा, सत्रुधन मुंडा, बलथरवा के किसान छेटू पाहन, मायापुर के किसान ओमप्रकाश सिंह, बमने के किसान कृष्णा कुमार महतो सहित अन्य कई किसानों ने बताया कि बीते 2 वर्षों से मौसम की मार झेल रहे थे। इस वर्ष धान की अच्छी फसल होने की उम्मीद है और खेती ही जीविका का मुख्य उपार्जन व कारोबार है। उल्लेखनीय है कि खलारी के आधी आबादी कोलयरी से घिरी है। बावजूद इस क्षेत्र में अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं। ऐसे में बीते कुछ वर्षों से मौसम का मार झेल रहे किसानों में वैकल्पिक खेती पर रुझान जरूर बढ़ गया है। वहीं इस वर्ष धान की अच्छी फसल होने की उम्मीद से किसान काफी खुश हैं और फसल अच्छी होने पर ही किसान पर्व-त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना पाते हैं।

मुखिया की पहल पर जलमीनार के खराब मोटर की हुई मरम्मती

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): तुमांग पंचायत के मैनेजर बंगला में जलमीनार का मोटर खराब होने से पिछले दो सप्ताह से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे थे। ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली को समस्या से अवगत कराया। मुखिया ने समस्या पर त्वरित पहल करते हुए रविवार को खराब मोटर की मरम्मत करा दी गई। मोटर दुरुस्त होने के बाद मैनेजर बंगला के लोगों को पेयजल की समस्या से राहत मिल गयी। मुखिया ने कहा कि पेयजल जीवन की मूल जरुरतों में से है, जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने पंचायत के लोगों से कहा कि किसी तरह की परेशानी हो तो अवश्य सूचना दें। वहीं जलमीनार ठीक हो जाने पर मैनेजर बंगला के ग्रामीण संटू रजक, सोनू होरो, अभिनंदन राम, बिरजा मुंडा, रंजीत उरांव, लॉरेंस बागे सहित कई लोगों ने मुखिया को धन्यवाद दिया है।

बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा, दो गंभीर रूप से घायल

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पुरना पानी पुल के समीप रविवार की दोपहर लगभग चार बजे बजे सड़क पर असंतुलित होकर ग्लैमर बाइक से गिर जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बियू उरांव 25 वर्ष पिता चिलगू उरांव और फगुआ उरांव पिता विषे महतो दोनो ग्राम पुरियो थाना बेडो निवासी शामिल है। घायलों को हाईवे पेट्रोलिंग ने ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए सीएससी बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ अंजली श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया। वहीं घायल बियू उरांव ने बताया कि दोनो बाईक से अपने गांव पुरियो से लापुंग मोड़ इतवार बाजार पुरना पानी गए थे। बाजार से लौटने के दौरान पुल के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। जिसे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

मुरी पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन किया गया

सिल्ली/मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार के दिन मुरी पुलिस के द्वारा छेटामुरी, बड़ामुरी, झारखंड मोड़,सिंगपुर, जामनीटांड़, कलुवाडीह,लेगाहातू, पिस्का, मेदनी, बांसारुली, कुतरु, बिसरिया, कुटाम इत्यादि क्षेत्रों का भौगोलिक स्थिति एवं बुथ की जानकारी के लिए फ्लैग मार्च एवं एरिया डोमिनेशन किया गया ताकि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराया जा सके। मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी चौक चौराहे और चेक नाका पर पुलिस की पैनी नजर है ताकि चुनाव में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर केंद्रीय पुलिस की नौ कंपनी तथा जिला बल से भी बहुल संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है ताकि सुरक्षित रूप से मतदान संपन्न कराया जा सके।

नाला थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता): विधानसभा चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च नाला थाना से प्रारंभ होकर नाला बाजार गोपाल पुर होते हुए पुनः वापस नाला थाना परिसर तक गई. फ्लैग मार्च के दौरान बताया गया कि 20 नवंबर को लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करें साथ ही कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैनात है. फ्लैग मार्च में बीएसएफ के जवान शामिल थे.

जिला प्रशासन ने जारी किया मीडिया के लिये गाइडलाइन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्गत÷पिछले 72 घंटों का एसओपी÷ संबंधी दिए गये निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा निर्देशित किया गया है कि आदर्श आचार संहिता एवं विधि-व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में निम्नांकित बिन्दुओं पर अनुपालन अति आवश्यक है. जिसमें मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 18 नवंबर 2024 के 05ः00 बजे अपराह्न से मतदान के समाप्ति तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। मतदान दिवस के दिन सभी मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में प्रचार-प्रसार करने एवं पार्टी का झण्डा, बैनर,पोस्टर,का उपयोग नहीं किया जायेगा।मतदान दिवस के दौरान मतदान केन्द्र के 100 मीटर में कर्त्तव्यरूढ़ अधिकारियों को छोड़कर किसी अन्य को सेलुलर फोन,मोबाईल, बेतार दूरभाष आदि ले जाना सख्त मनाही है।किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार,अभ्यर्थी का कार्यालय मौजूदा मतदान केन्द्र से 200 मीटर के भीतर नहीं रहेगा।मतदाता पर्चीयां में उम्मीदवार,पार्टी के नाम,चिन्ह का प्रयोग नहीं किया जायेगा.

मतदान दिवस के दिन किसी उम्मीदवार/ उसके एजेंट द्वार मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक आने-जाने के लिए मुफ्त वाहन उपलब्ध कराना एक भष्ट आचरण है और इस पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस,भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों,सभा,बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।किसी राजनैतिक दल,अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा,जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो.मतदान दिवस के दिन चलचित्र, टेलीविजन या ऐसी अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी मतदान सम्बन्धी बात का संप्रदर्शन नहीं करेंगे,जिससे कि मतदाता की गोपनीयता भंग हो.

प्रथम निर्वाचन दिवस के प्रारम्भ होने की अवधि से लेकर सभी चरणों के अंतिम मतदान तिथि तक मतदान सम्पन्न होने 30 मिनट पश्चात तक ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल निषिद्ध है।मीडिया व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह के मतदान प्रक्रिया की तस्वीर को कैद नहीं करेंगे।जिला एमसीएमसी कोषांग के पूर्व अनुमति के बिना सभी चरणों में मतदान दिवस और मतदान पूर्व दिवस पर प्रिंट मीडिया में कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा।मतदान समाप्ति के 72 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक की अवधि में उपरोक्त बिन्दुओं का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

नाला विधानसभा में बदलाव की लहर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

नाला : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नाला विधानसभा में विशाल जनसभा आयोजित की, जिसमें लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। राज्यसभा सचिव महिंद्र पाठक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बदलाव की जरूरत है और पार्टी के उम्मीदवार कन्हाई मल पहाड़िया को वोट देने की अपील की। राज्यसभा सचिव महिंद्र पाठक ने कहा कि कन्हाई माल पहाड़िया एक गरीब परिवार से हैं और गरीबों का सुख-दुख समझ सकते हैं। वे जनता की सेवा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वे लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और जनता से आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कन्हाई मल पहाड़िया ने कहा कि नाला विधानसभा में विकास नहीं हो पाया है। अगर जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया, तो वे पलायन को रोकेंगे, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था सुधारेंगे, और किसानों के लिए नहर में पानी लाने का काम करेंगे। उन्होंने दोनों पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विकास के मुद्दे की अनदेखी की जा रही है। इस जनसभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता और हजारों आम जनता उपस्थित रहे।

चहारदीवारी के बाड़ ग्रिल में जैकेट फंसने से एक व्यक्ति की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : इटकी पुलिस ने इटकी के पूर्व ज़िप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव के आवस के चहारदीवारी के बाड़ ग्रिल में जैकेट से फंसा तैयब अंसारी (45) वर्ष व्यक्ति का शव बरामद किया है। बताया जाता है की वह नशे की हालत में रहता था संभवतः चहारदीवारी से सट कर खड़ी बस में चढ़ने के क्रम में चहरदीवारी की ओर फिसल गया होगा और दीवार के बाड़ ग्रिल में जैकेट फंस गया होगा जो गले में फंदा लग जाने के कारण उसकी मौत हो गई । रात भर शरीर बाड़ में फसकर झूलता रहा। प्रातः ग्रामीणों ने शव को देखा तो इटकी पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी हलीमा खातून ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर पति के नशे की लत को मौत का जिम्मेदार बताया है। उसने अपने आवेदन में भी अपने पति तैयब पर नशे में रहता था काम धंधा नहीं करता था, का जिक्र किया है इस संबंध में इटकी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया । यूडी का मामला दर्ज किया गया है।

झामुमो प्रत्याशी रविंद्र नाथ महतो के पक्ष में कांग्रेसियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

नाला : नाला सीट से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी रवींद्रनाथ महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए रविवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने नाला प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जुड़ीडंगाल, मथुरा,फूटबेरिया, खाड़ु बाजार, मोहनपुर आदि गांवों में लोगों से रवींद्रनाथ महतो को तीर धनुष छाप में भारी मतों से विजय बनाने का अपील किया।

इस मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष पंकज झा ने कहा है कि झारखंड में गठबंधन की सरकार ने महिला सम्मान, किसान से लेकर जरुरत के अनुसार जो विकास कार्य किया है उससे जनता संतुष्ट हैं। विकास और कल्याणकारी योजनाओं से संतुष्ट होकर अब फिर से गठबंधन की सरकार बनने का स्पष्ट संकेत मिलने लगा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की उन्होंने विस्तृत जानकारी भी दिया है। इस मौके पर गोपाल राय, गौतम मंडल, उत्तम मंडल, सनत माजी, जितेंद्र नाथ मंडल, उज्जवल दास समेत ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

आपकी एक भूल से नाला विधानसभा क्षेत्र पांच वर्ष और पीछे चले जायेगी : राजेश्वर हांसदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

नाला : विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी राजेश्वर हांसदा ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए आपने पक्ष में वोट देने की अपील किया, जिस प्रकार से हम लोगों ने उम्मीद किया था, ठीक इसी प्रकार से कोई विकास अभी तक नाला में नहीं दिखाई दे, हमारे यहां विधानसभा क्षेत्र में कोई बार विधायक रह चुके हैं जबकि इस बार 2019 चुनाव के बाद विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके थे, लेकिन अभी तक हमललोगों का हेतु कोई पहल नहीं किया, अब और विकास के नाम से कितना दिन तक जनता को ओलुल जलूल करके रखेगा, अब नाला की जनता अब जग चुकी है, नाला विधानसभा अब परिवर्तन की ले जाना है, बदलाव होगा तो विकास होगा, राजेश्वर हांसदा ने घर घर जाकर मतदाताओं से अपने चुनाव चिन्ह - बेबी वॉकर (गोदरा ठेलाव गाडी छाप) क्रम संख्या-14 पर वोट देने की अपील की, सच्चे को चुने, अच्छे को चुने, युवा नेता को चुनिए।

नाला विधानसभा क्षेत्र में अभी तक विकास कार्य

कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के पक्ष में उदय लखमनी ने माँगा वोट

पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): जैसे जैसे चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही है, वैसे वैसे प्रत्याशियों की धड़कने तेज होती जा रही है. उनके समर्थक भी जनसम्पर्क अभियान को तेज कर दिया है. इसी कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव उदय लखमानी ने पाकुड़ प्रखंड के बाहिरग्राम,नगरनवी,नसीपुर, चेंगाडांगा,ऑटोगली, जमाई टोला,हरिजन टोला,घोष पाड़ा सहित दर्जनों ग्रामों में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के पक्ष में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया.श्री लखमानी ने कहा कि हेमंत सरकार के लोककल्याणकारी कार्य मईया सम्मान योजना,अबुआ आवास,बिजली बिल माफी,ओल्ड पेन्शन स्किम को पुनः लागू करना, सर्व पेन्शन योजना,किसानों की ऋण माफी, सहित दर्जनों जनहित के कार्य को देखते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी निशात आलम को वोट देने की अपील की. मैया सम्मान योजना में महिलाओं को अभी 1000 रुपये प्रतिमाह दिया जाता है.हेमंत सरकार ने घोषणा किया है कि दिसंबर माह से महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह दिया जाएगाद्यपूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने सम्पूर्ण पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया है द्य पाकुड़ की आम जनता को गाँव से जिला मुख्यालय आने में अब कोई परेशानी नहीं होती है द्यमौके पर पाकुड़ जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष किशन पासवान, जिला सचिव पप्पू गंगवानी,पत्थर व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रवीर साहा,शंकर यादव,धनंजय रविदास,शरद साहा,नफीजुल शेख,नूरेजमां शेख,हासिबुल शेख,जहांगीर शेख,पप्पू सिंह,राम मुर्मू,हबीब शेख,दानारूल शेख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

ऑटो रिक्शा ओनर्स चालक एसोसिएशन ने बैठक कर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में माँगा वोट

पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): पाकुड़ जिला ऑटो ई-रिक्शा ऑनर्स चालक एसोसिएशन ने रविवार को बैठक आयोजित किया। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय ने सभी चालकों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी अजहर इस्लाम को वोट देने और उन्हें विजय बनाने की अपील की।साथ ही उन्होंने कहा की पाकुड़ विधानसभा में परिवर्तन जरूरी है. उन्होंने अजहर इस्लाम जरूरी है का नारा दिया। अध्यक्ष की बातों पर संगठन के सदस्यों ने भी नारा बुलंद करते हुए सभी एक साथ एक मत होकर अजहर इस्लाम को वोट देने पर सहमति जताई।इस चुनाव में सभी ऑटो चालक ने पहले मतदान फिर जलपान की बात कही।उन्होंने स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार,पलायन को मुद्दा को देखते हुए सत्ता परिवर्तन कर युवा नेता अजहर इस्लाम को जीत दिलाने के लिए दृढ़ निश्चय किया। मौके पर एसोसिएशन के सचिव अनिकेत गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मोनी कुमार सिंह, भाजपा नेता सुशील साह, मोहम्मद शब्बीर हुसैन, चंदन व्यास, पप्पू कुमार, अजय रमानी, श्रीराम, पिंकू कुमार, बलराम कुमार, शिवा दास, पवन प्रसाद,रवि कुमार, महावीर कुमार, इलियास अंसारी इत्यादि सहित दर्जनों चालकगण मौजूद थे।

अजहर इस्लाम पर जानलेवा हमले की उच्च स्तरीय जांच कराये प्रशासन : अमृत पांडेय

पाकुड़ : आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के साथ शनिवार की रात कोटालपोखर के विजयपुर में हुई घटना को लेकर भाजपा ने प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और चुनाव आयोग को ज्ञापन देकर जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 घंटे बीत गए लेकिन अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रशासन से हम मांग करते हैं कि घटना की उच्च स्तरीय जांच हो। भारतीय जनता पार्टी समर्थित एनडीए प्रत्याशी आजसू के अजहर इस्लाम की सुरक्षा बढ़ाई जाए। अमृत पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आजसू के गठबंधन से जो माहौल बना है, उससे कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा घबराई हुई है। यह घबराहट साबित करता है कि अब कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा का दिन खत्म हो चुका है। आम जनता ने अजहर इस्लाम की जीत सुनिश्चित करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है और कांग्रेस झामुमो माहौल को भयभीत करने का काम कर रही है। अजहर इस्लाम के साथ जो घटना घटी, उस पर जानलेवा हमला किया गया, उनके वाहन पर बम फेंका गया। इससे कांग्रेस और झामुमो की घबराहट साफ दिखाई दे रही है। कांग्रेस और झामुमो अपने गुंडों से प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं पर हमले करवा रहे हैं। यह साफ दर्शाता है कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा कितनी घबराई हुई है। जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि 23 नवंबर को जब ईवीएम खुलेगा, भाजपा और आजसू को स्पष्ट जनादेश मिलेगा। इसी बात का कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा में घबराहट है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद अब तक कोई सकारात्मक पहल प्रशासन की ओर से नहीं किया गया है। किसी की भी अब तक कोई गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। प्रशासन से हम मांग करते हैं कि घटना की उच्च स्तरीय जांच किया जाए। प्रत्याशी अजहर इस्लाम की सुरक्षा बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक शिष्टमंडल प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। मौके पर धर्मेंद्र त्रिवेदी,मिट्ठू भगत सहित अन्य मौजूद थे।

मोहरांगडीह में खेलकूद व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गम्हरिया प्रखंड के चमारू पंचायत स्थित मोहरांगडीह में यंग ब्वॉयज क्लब की ओर से स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत क्लब चमारू के सौजन्य से किया गया। जिसमें काफी संख्या में स्थानीय बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों के बीच कुर्सी रेस, जलेबी रेस, मोमबत्ती जलाना, बोरा रेस, मटकी फोड़, बत्तख पकड़ना, स्लो साईकिल रेस समेत सामान्य ज्ञान और गणित विषय से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय के पास तोड़ी गईं अवैध झोपड़ियां

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जमशेदपुर के खासमहल स्थित प्रखंड कार्यालय के पास सामाजिक तत्वों द्वारा बनाए गए झोपड़ी को देर रात तोड़ दिया गया वहीं गुरुवार की रात एक महिला के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार की गई। उस महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि वह बोल नहीं पा रही है इस वजह से प्ररसुडीह थाना के द्वारा बयान दर्ज नहीं की गई। दूसरी ओर पता चला है कि कुछ सामाजिक तत्वों के नाम सामने आए हैं जो मौके से फरार है। झोपड़ियों में रातों को अड्डाबाजी नशेड़ियों की शिकायतें कई बार मिली है। अभी इन लोगों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि यह अब महिलाओं के ऊपर बुरी नजर डाले हुए हैं। इससे पहले भी कई संगठन ने अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए उपायुक्त से एवं संबंधित पदाधिकारी से कई बार शिकायत की गई है। यदि अवैध अतिक्रमण कार्यों द्वारा बनाए गए अवैध झोपड़ियों को नहीं हटाया जाएगा तो भविष्य में और भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ब्लू बेल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ वार्षिक सम्मेलन

खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) : खरसावां में संचालित ब्लू बेल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अनूप सिंहदेव एवं खरसावां के थाना प्रभारी गौरव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिक सम्मेलन में छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छी प्रस्तुति दी गई। गीत संगीत से छात्र-छात्राओं ने सबको मंत्रमुग्ध किया। वहीं बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी गौरव कुमार ने कहा कि समाज और परिवार के लिए आगे बढ़ने का जरूरी मध्यम शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से ही अच्छे अवसर मिलते हैं। विधायक प्रतिनिधि अनुप सिंह देव ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा स्थान है आप अंधकार में भी उजाला कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के डायरेक्टर डोमिनिक राज, अविभावक व बच्चे उपस्थित थे।

पटमदा की सुप्रिया समेत चार बच्चों का हुआ निःशुल्क सर्जरी



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रिवेंशन ऑफ़ क्रुएलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स , आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, इंगा हेल्थ फाउंडेशन और ऑपरेशन स्माइल के प्रयास से पिछले दिनों कटे होंठ और तालु विकृति वाले बच्चों एवं बड़ों का एक चिकित्सा कैंप का आयोजन उर्मिला भवन सोनारी कबीर मंदिर के पास में किया गया था। कैंप में लगभग 8 रोगी ही चिन्हित हो पाए थे जिसमें केवल चार बच्चों का सफल ऑपरेशन हो पाया। प्रत्येक मरीज के साथ दो परिवार वाले थे उन लोगों को दुर्गापुर आईक्यू सिटी नारायण मल्टीस्पेशलिटी पश्चिम बंगाल के द फ्यूचर ऑफ स्माइल मिशन अस्पताल ले जाया गया । पटमदा के 2 वर्ष की सुप्रिया महतो सहित चारों बच्चों का निशुल्क सर्जरी किया गया । दुर्गापुर में एक अंतर्राष्ट्रीय कटे होंठ और तालु सर्जरी मिशन 'द फ्यूचर ऑफ स्माइल मिशन' की कटे होंठ और तालु विकृति वाले लोगों का अस्पताल है ।

आदिवासी मूलवासी रक्षा मोर्चा की बैठक सम्पन्न

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : अखिल भारतीय आदिवासी-मूलवासी रक्षा मोर्चा के केंद्रीय कमेटी की बैठक अध्यक्ष संग्राम मार्डी की अध्यक्षता में कांड्रा में हुई। बैठक में सरायकेला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की चुनावी समीक्षा की गई। इस मौके पर मार्डी ने कहा कि मोर्चा अब अपने उद्देश्यों को लेकर आगे की रणनीति तैयार करेगा। कहा कि झारखंडी शहीदों के सपनों को पूरा करना जल, जंगल, जमीन की रक्षा से लेकर आदिवासी- मूलवासियों की संविधान में प्रावधान, अनुच्छेद एवं अधिनियम के विरुद्ध नीति निर्माण, औद्योगिक निर्माण, विस्थापित नीति, झारखंड की भूमि को खरिज करने, औद्योगिक क्षेत्र में विस्थापितों को पीढ़ी दर पीढ़ी नौकरी में नियुक्ति और झारखंड के स्थानीय श्रमिकों के मजदूरी दरों को सख्ती से लागू कराने एवं अंतिम सर्वे सेटेलमेंट के आधार पर स्थानीय नीति निर्माण करने आदि को लेकर आंदोलन तेज करने की जरूरत है। बैठक में लखविंदर हांसदा, भरत हांसदा, शिवनाथ बेसरा, सुराय बेसरा, सुनील मार्डी, कुशल मार्डी, भागवत बास्के, कालीचरण हांसदा, बिरधान मांझी, कालीपद सिंह सरदार, सुरेश टुडू, मार्शल मार्डी, राधे सिंह सरदार, गंगाधर सिंह सरदार, विश्वजीत महतो आदि उपस्थित थे।

टाटा स्टील के सेंट्रल वेयरहाउस जमशेदपुर को मिला आईजीबीसी नेट जीरो एनर्जी प्रमाणपत्र

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सतत विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, टाटा स्टील के ग्रुप स्ट्रैटेजिक प्रोक्योरमेंट के तहत सेंट्रल वेयरहाउस जमशेदपुर को 14 नवंबर को बेंगलुरु के बेंगलुरु इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 2024 में प्रतिष्ठित भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) नेट जीरो एनर्जी रेटिंग और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। आईजीबीसी द्वारा किए गए गहन ऑडिट में इस वेयरहाउस की ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को सराहा गया। यह प्रमाणपत्र न केवल टाटा स्टील की कार्बन फुटप्रिंट कम करने की दिशा में की गई पहल को उजागर करता है, बल्कि पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक संरचनाओं के लिए एक नई मिसाल भी पेश करता है। सेंट्रल वेयरहाउस का नेट-जीरो एनर्जी स्टेटस सतत औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भारत के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

मोहरदा पेयजल परियोजना क्षेत्र में पेयजलापूर्ति तीन दिनों से ठप, सरयू राय ने जताई चिंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और जमशेदपुर पश्चिमी के एनडीए प्रत्याशी सरयू राय ने बीते तीन दिनों से मोहरदा पेयजल परियोजना क्षेत्र में पेयजलापूर्ति के ठप होने पर चिंता जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि रविवार को तीसरा दिन था, जब मोहरदा पेयजल परियोजना क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति ठप रही। मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के इंटेक वेल में पानी खींचने के लिए तीन मोटर लगे हुए हैं। तीनों ही मोटर खराब हो गये हैं। इसी वजह से पेयजलापूर्ति बंद हो गई है। उन्होंने बताया कि इस बारे में उन्होंने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त तथा टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता की और उनसे अतिशीघ्र पेयजलापूर्ति शुरू कराने को कहा। श्री राय ने बयान में कहा कि एक ही समय इंटेक वेल के तीनों मोटर खराब हो जाने की बात समझ से परे है। पेयजल परियोजना का संचालन करने वाले कर्मियों ने उन्हें बताया कि इंटेक वेल का एक मोटर करीब 20 दिन पहले खराब हो गया था, जिसकी मरम्मत नहीं करायी गयी। इसके कुछ दिनों के बाद दूसरा मोटर भी खराब हो गया। इसकी भी मरम्मत नहीं करायी गई। पिछले एक सप्ताह से पेयजल परियोजना एक ही मोटर के भरोसे चल रही थी, जो तीन दिन पहले खराब हो गया। अब नतीजा यह है कि तीनों मोटर खराब हो गए और पेयजल परियोजना पूरी तरह ठप है। सरयू राय ने कहा कि मोटर खराब होते ही इसकी मरम्मत की जानी चाहिए थी, परन्तु क्या कारण है कि इसकी मरम्मत नहीं हुई? उन्होंने इसकी शिकायत जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से की तो उन्होंने कहा कि मोहरदा क्षेत्र में पीने का पानी टैंकर से भिजवाया जा रहा है। इतने बड़े क्षेत्र में टैंकर से पेयजलापूर्ति कराना ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत को चरितार्थ करता है। एक ही साथ तीन मोटरों का खराब हो जाना जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों की तत्परता में कमी को प्रदर्शित करता है। किसी भी पेयजल परियोजना से तीन दिनों तक लगातार पेयजलापूर्ति ठप रहना उस योजना की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला है। जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि रविवार की शाम तक एक मोटर की मरम्मत कर ली जाएगी और पेयजल आपूर्ति आरंभ कर दी जाएगी।

डॉ. अजय ने मोहरदा जलापूर्ति योजना का किया मुआयना, जुस्को के पदाधिकारियों से की बात

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जमशेदपुर पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार को रविवार को शिकायत मिली कि मोहरदा पंप से पानी की आपूर्ति के लिए उपयोग की जाने वाली तीन पाइपें टूट गई हैं, जिसके कारण क्षेत्रों के लोगों को पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। सुचना प्राप्त होने के बाद डॉ. अजय ने मोहरदा जलापूर्ति योजना का मुआयना किया. जुस्को के पदाधिकारियों से बात करते हुए जल्द पाइप लाईन को दुरुस्त करने को कहा ताकि क्षेत्र के लोगों को पानी मिल सके। पदाधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आज शाम तक एक पाइप की मरम्मत कर दी जाएगी और बाकी दो पाइपों की मरम्मत सोमवार तक कर दी जाएगी। डॉ. अजय ने कहा कि किसी को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो वे मुझसे संपर्क कर सकते हैं और मैं पानी टैंकर की व्यवस्था करवा दूंगा। उन्होंने कहा कि मोहरदा जलापूर्ति योजना में बहुत सुधार की आवश्यकता है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर मेरी पहली प्राथमिकता बस्तियों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके लिए योजना बनाकर कार्य किया जाएगा ताकि एक निश्चित समय में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

पर्यावरण को ध्यान में रखकर जीविकोपार्जन हेतु वनोपजों का करें उपयोग : गागराई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड की तिलोपदा पंचायत अंतर्गत जुगुडीह में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ 5वां वनाधिकार स्थापना दिवस मनाया गया। इसका विधिवत उद्घाटन विधायक दशरथ गागराई, ग्राम सभा अध्यक्ष गणेश भूमिज, सोहनलाल कुम्हार, मुखिया राम सोय, भरत सिंह मुंडा व मुन्ना सोय ने संयुक्त रूप से पत्थर पर पूजा अर्चना कर किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि जंगल हमारी प्राकृतिक विरासत है। इसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। वनाश्रितों के आर्थिक विकास के लिए जंगल को बचाना जरूरी है। पर्यावरण को ध्यान में रखकर जीविकोपार्जन हेतु वनोपजों का उपयोग करें। सोहन लाल कुम्हार ने कहा कि 2020 को वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा जुगीडीह को वनाधिकार प्रमाण पत्र मिला। जिससे ग्रामीण खुश होकर जंगल की रखरखाव कर रहे हैं। जंगल मानव समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुखिया राम सोय ने कहा कि जंगल है, तो जीवन है। जंगल है, तो हम स्वस्थ हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकृष्ण मुण्डारी, सुखराम मुण्डा, भरत सिंह मुण्डा,वनवारी लाल सोय, कैराना जामुदा, आशोक मानकी, राजेश भूमिज, रुईदाश भूमिज, मनोज मुदुईया, बोध सिंह, लखीराम चित्रकला, मुन्ना सोय, राहुल सोय, गौरांग चित्रकला व मंगल सिंह भूमिज आदि उपस्थित थे।

बन्ना गुप्ता ने किया पूर्णिमा नीरज सिंह एवं अजय दुबे के लिए चुनाव प्रचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बन्ना गुप्ता दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए धनबाद झरिया के दौरे पर हैं। इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक के रुप में बन्ना गुप्ता ने झरिया में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा को जमकर ललकारा। बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है। एक ओर नफरत बढ़ाने वाले, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले एनडीए के लोग हैं। दूसरी ओर शिक्षा, रोजगार, विकास, एकता और संविधान की बात करने वाला इंडिया गठबंधन है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने सभी वर्ग को मान सम्मान दिया है। अब हमारा कर्तव्य है कि हमलोग इंडिया गठबंधन से झरिया की प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह और धनबाद के प्रत्याशी अजय दुबे को भारी बहुमत से जितायें। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार झारखंड की हर माता और बहन के खाते को मंईयां योजना से जोड़ने का कार्य कर रही है। झरिया की विशाल जनसभा में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव, प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह, एमएलसी सुनील सिंह, डीएसएस के प्रदेश अध्यक्ष राज आनंद सिंह, असम के सांसद गौरव गोगोई इत्यादि वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बन्ना गुप्ता ने धनबाद और झरिया में छोटी बड़ी कई सभाएं व बैठकों में शामिल होकर इंडिया गठबंधन का प्रचार किया।

उर्दू दिवस के अवसर पर पत्रकार शाकिर अज़ीमाबादी को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : उर्दू भाषा व साहित्य के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से उर्दू दिवस के अवसर पर रविवार को दारैन अकादमी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उर्दू पत्रकारिता में अतुलनीय योगदान देने वाले प्रसिद्ध पत्रकार शाकिर अज़ीम आबादी को डॉ. इक़बाल अवार्ड और फखरे सहाफत के खिताब से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुफ्ती बदर आलम निज़ामी ने किया।कार्यक्रम का आरंभ तिलावत-ए-कुरआन से किया गया।उपस्थित वक्ताओं ने उर्दू भाषा और साहित्य के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख़्तार आलम खान ने कहा, शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम करने की ज़रूरत है और मुफ्ती साहब ने कपाली जैसे इलाके में शिक्षा के लिए बहुत काम किया है, जो काफी सराहनीय है। मुफ्ती अब्दुल मलिक मिसबाही ने कहा, उर्दू न केवल एक भाषा है, बल्कि यह हमारे इतिहास और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हमें इसे संरक्षित करने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। सम्मानित पत्रकार शाकिर अज़ीम आबादी ने अपने संबोधन में कहा, उर्दू पत्रकारिता ने समाज को हमेशा सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाई है। मुझे इस सम्मान के लिए आभारी होने का सौभाग्य मिला है मैं मुफ्ती साहब का शुक्रिया अदा करता हूं। धन्यवाद ज्ञापन दारैन अकादमी के संस्थापक और निदेशक मुफ्ती अब्दुल मलिक मिसबाही ने किया।

टाटा स्टील नोआमुंडी रन-अ-थॉन में 4 हजार से अधिक धावकों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : देशभर से 4 हजार से अधिक धावकों ने टाटा स्टील की ओर माइन्स एंड क्वारीज़ डिवीजन के प्रमुख आयोजन, नोआमुंडी रन-अ-थॉन के 5वें संस्करण में रविवार को भाग लिया। यह दौड़ नोआमुंडी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुरू हुई। इस वर्ष दौड़ की थीम थी ग्रीन चैंपियन बनें । कार्यक्रम का शुभारंभ टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (रॉ मटेरियल्स) डीबी सुंदरा रामम ने पश्चिम सिंहभूम जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी, टाटा स्टील ओएमक्यू के जेनरल मैनेजर अतुल भटनागर और टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। दौड़ को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया था- पुरुषों और महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक) के लिए 10 हजार और 7 हजार, 16 वर्ष से कम आयु के लड़कों और लड़कियों के लिए 5 हजार, दिव्यांग लोगों के लिए 2 हजार समेत विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को कुल 5,67,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उत्तर प्रदेश के चंदन भारद्वाज ने (पुरुष श्रेणी में) पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि छत्तीसगढ़ की रुकमणी साहू ने (महिला श्रेणी) में पहला स्थान हासिल किया। 7 हजार की श्रेणी में झारखंड के सुरेंद्र सिरका ने पुरुष वर्ग में और पश्चिम बंगाल की मनाली सिंघा ने महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, 5 हजार की श्रेणी में झारखंड के निखिल कुमार ने लड़कों में और शांति कुमारी ने लड़कियों में पहला स्थान हासिल किया। सभी श्रेणियों (सामान्य और स्थानीय) के विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

झांसी की घटना हृदय विदारक है : डॉ. अजय कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आगजनी की घटना में 10 नवजात शिशुओं की हुई मौत पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से पीड़ित परिवारों को इस दुख को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। रविवार को प्रेस बयान जारी कर डॉ. अजय ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ झांसी मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था के कारण 10 नवजात शिशुओं की मौत होती है। वहीं घटनास्थल पर जाने के बजाए प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगीनाथ महज एक ट्विट कर अपने जिम्मेवारी की इतिश्री मान लेते हैं। एक तरफ कई परिवारों की दुनिया इस घटना से उजड़ गई लेकिन इससे बेफिक्र मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ चुनावी सभाओं में बटेंगे तो कटेंगे के नारे लगाने में व्यस्त रहे। यही भाजपाईयो का असली चरित्र है। उनके लिए सत्ता ही सबकुछ है। इन लोगों पर नवजात शिशुओं की मौत का भी कोई असर नहीं पड़ता है, इतने निर्दयी है। डॉ. अजय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार की विकास की पुराण बाचने वाले बताएं की झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई घटना विकास का कौन सा अध्याय है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज में लगे सभी अग्निशमन यंत्र पिछले एक वर्ष से खराब पड़े है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी चुनावी सभा में जिनके खिलाफ बटेंगे तो कटेंगे के नारे लगा रहे थे। उन्हीं लोगों ने अपनी जान की बाजी लगाकर कई मासूमों की जानें बचाकर मानवता की एक मिशाल कायम की है। झांसी की घटना यूपी की पहली घटना नहीं है, इससे पहले 2017 में भी गोरखपुर में ऑक्सीजन के अभाव में कई मासूमों को अपनी जाने गवांनी पड़ी थी। तब भी सरकार ने मामले की लीपापोती कर मामले को दबाने का काम किया था। इस बार भी जांच कमिटी बनाकर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है। इतनी बड़ी घटना होने पर मुख्यमंत्री का घटना स्थल पर नहीं जाना कहीं ना कहीं उनकी संवेदनहीनता को दर्शाता है।

यूसील की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : डायरेक्टर जनरल माइंस सेफ्टी चाईबासा के तत्वावधान में यूसील की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में 62 वां खान सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार से 24 नवंबर तक ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इस प्रतियोगिता में यूसील की 7 यूरेनियम माइंस मसलन जादूगोड़ा, नरवा पहाड़, तुरामडीह , बागजाता, महुलडीह, बांदूहुड़ांग समेत हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, घाटशिला की 2 व लावा माइंस (रांची) की एक माइंस मिलाकर कुल मिलाकर तकनीकी ज्ञान के करीब 100 कंपनी कर्मी अपनी हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इस बाबत यूसील माइंस की आंतरिक सुरक्षा संगठन प्रमुख डॉक्टर केके राव ने कहा कि कार्यक्रम सुबह 8 बजे से एक बजे तक होगा।

पत्रकार सुदेश कुमार का हृदय गति रुकने से निधन, शोक की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुदेश कुमार का शनिवार की रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। मां के निधन के तीन महीने बाद सुदेश कुमार का निधन होने से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पार्थिव शरीर का बामनी नदी घाट पर रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर काफी संख्या में पत्रकार एवं समाजसेवी शवयात्रा में शामिल हुए। वह अपने पीछे दो नाबालिग बेटे और पत्नी मोहिनी सिंह सहित पूरे परिवार को छोड़ गए हैं। उनके करीबी लोगों ने उन्हें एक समर्पित और ईमानदार पत्रकार बताया। वनांचल 24 लाइव के संपादक के रूप में सुदेश कुमार ने क्षेत्रीय और सामाजिक मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सुदेश कुमार के अचानक निधन से उनका परिवार गहरे संकट में है। उनके दो नाबालिग बेटे और पत्नी के लिए यह समय बेहद कठिन है। स्थानीय लोगों और प्रशासन से उम्मीद है कि परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। एआईएस एमजेडब्लूए के प्रदेश प्रवक्ता अरूण मांझी ने सरकार से मांग किया कि पत्रकारों को पेंशन एवं पत्रकार के निधन के बाद परिजन को भी पेंशन दिया जाय।

फर्जी बीपीएल कार्ड पर निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला, वास्तविक लोग वंचित : महासभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड जनतांत्रिक महासभा और बिरसा सेना की संयुक्त बैठक रविवार को जमशेदपुर के बारीडीह क्षेत्र में आयोजित की गई। बैठक में शहर अंतर्गत बस्ती क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा हुई। इसमें उपस्थित लोगों ने समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इस संबंध में महासभा के दीपक रंजीत ने कहा कि जमशेदपुर शहर में फर्जी बीपीएल कार्ड बनाकर लोग आरटीई के तहत निजी स्कूलों में सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से अपने बच्चों का दाखिला करा रहे हैं, जिससे वास्तविक लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। बैठक के दौरान इसके समाधान पर चर्चा की गई। सभी प्राइवेट कंपनियों में स्थानीय उम्मीदवारों को 75त्न नौकरी दिलाने के लिए आवाज उठाने पर चर्चा, इस साल होने वाली टाटा स्टील का लीज रिन्यूअल में शहर में खाली पड़ी जमीनें मूल रैयत को उनकी जमीन वापस दिलाने के लिए मुहिम चलाना। एवं शहर के बस्ती क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रकोप के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाना। बस्ती क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड बनाने में आ रही दिक्कतों का समाधान करना तथा बस्ती क्षेत्र के डीलरों द्वारा राशन देने में की जा रही आनाकानी के खिलाफ आवाज उठाने को लेकर इन मुद्दों पर आगे की रणनीति बनाने के लिए 24 नवंबर को बारीडीह में एक और बैठक आहूत की गई है। बैठक में मुख्य रूप से सागर पाल, करण मुखी, अशोक मुखी, विकास कुमार, दीपक रंजीत, बलराम कर्मकार, भारत कर्मकार, राजू लोहार, विश्व लोहार, श्याम सिंह सरदार, आकाश दीप मुंडा, सूरज मुंडा व विष्णु गोप आदि लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
संपादकीय
रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024 | पेज 6

विचार प्रवाह

संपादकीय

शिखर पर महंगाई दर

अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रही है। यह बीते 14 माह के उच्चतम स्तर पर है और भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी बहुत ज्यादा है। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्तूबर में ही 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतलपेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है। बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई है। किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का आकलन है कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गईं कि महंगाई वहीं तक सिमट कर रहे, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी हो गई है, जो सर्वाधिक है। ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के 'सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव किए जा रहे हैं, उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्तखोरी की रेवड़ियों की प्रतिद्वंद्विता है अथवा बांटने, काटने, डरने, मरने की ही चर्चाएं हैं। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमशः 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है। देश में पांच राज्य ऐसे हैं, जहां महंगाई दर 7 फीसदी से ज्यादा रही। ओडिशा 7.5 फीसदी महंगाई दर के साथ इन राज्यों में शिखर पर है। डाटा में यह भी बताया गया है कि 11 राज्यों में महंगाई दर 6 फीसदी से कम रही है। बहरहाल आकलन किया जा रहा है कि ऐसी बढ़ोतरी के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर औसतन 4.8 फीसदी रहेगी, जो रिजर्व बैंक के लक्ष्य की परिधि में है। गौरतलब यह है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अक्तूबर में 10.87 फीसदी रही है, जो सितंबर में 9.24 फीसदी थी। बताया जाता है कि मौसम की अनिश्चितता से कई राज्यों में फसलें प्रभावित हुईं। आलू-टमाटर समेत प्रमुख सब्जियों के उत्पादन कम हुए। मांग और आपूर्ति में फासला बढ़ा। बहरहाल सरकारी आंकड़ों में महंगाई की जो भी तस्वीर सामने आती है, वह आम आदमी को चुभने वाली है।

देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्तूबर में ही 42 .2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतलपेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8 .36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9 .69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है। बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई

पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर में लगातार यहां की शांति, सौहार्द को भंग करने में लगा हुआ है

पाकिस्तान का नया दांव है डिजिटल घुसपैठ

सुनील कुमार महला

एशिया और अफ्रीका के विभिन्न देशों के गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद उनके समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान थीं जैसे कि अपनी आजादी को स्थायित्व प्रदान करने, विकास की प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाने, अपनी संप्रभुता की रक्षा करने, अपनी राजनीतिक सीमाओं की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शिकार होने से बचने जैसी अनेक चुनौतियां विद्यमान थी, भारत भी इनमें से एक रहा है और इसी क्रम में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के सिद्धांतों को अपनाया था।

भारत एक ऐसा देश है जो सदियों से पंचशील के सिद्धांतों का पालन करता आया है। एशिया और अफ्रीका के विभिन्न देशों के गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद उनके समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान थीं जैसे कि अपनी आजादी को स्थायित्व प्रदान करने, विकास की प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाने, अपनी संप्रभुता की रक्षा करने, अपनी राजनीतिक सीमाओं की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शिकार होने से बचने जैसी अनेक चुनौतियां विद्यमान थी, भारत भी इनमें से एक रहा है और इसी क्रम में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के सिद्धांतों को अपनाया था। वास्तव में भारत द्वारा यह सिद्धांत मूल रूप से अपने चिर-परिचित पड़ोसी चीन द्वारा उत्पन्न की जाने वाली भावी चुनौतियों से निपटने के लिए अपनाया गया था लेकिन न केवल चीन बल्कि पाकिस्तान व अन्य देशों के साथ आज भी भारत पंचशील सिद्धांतों का अनवरत पालन करते हुए विश्व को लगातार शांति,संयम,आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप को वरीयता देते हुए काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि एक दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान, सहयोगात्मक अहिंसा, घरेलू मामलों में सहयोगात्मक अहस्तक्षेप, पारस्परिक लाभ के लिए न्याय और सहयोग, तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पंचशील समझौते के प्रमुख सिद्धांत हैं। वास्तव में, पंचशील सिद्धांतों के माध्यम से ऐसे नैतिक मूल्यों का समुच्चय तैयार करना था, जिन्हें प्रत्येक देश अपनी विदेश नीति का हिस्सा बना सके और एक शांतिपूर्ण वैश्विक व्यवस्था का निर्माण कर सके, लेकिन आज पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर में लगातार यहां की शांति, सौहार्द को भंग करने में लगा हुआ है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत ने पाकिस्तान के प्रति सदैव एक बहुत ही सुसंगत और सैद्धांतिक नीति का पालन किया है, अर्थात: अपनी 'पड़ोसी पहले नीति' को ध्यान में रखते हुए, भारत पाकिस्तान के साथ आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है। सच तो यह है कि भारत किसी भी मुद्दे को द्विपक्षीय और

शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। यहां तक कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के संबंध में भी समय-समय पर दोनों देशों से शांति, सौहार्द,संयम व आपसी बातचीत से आपसी मुद्दों को सुलझाने की अपील की है। भारत कभी भी किसी भी देश के साथ हिंसा व युद्ध नहीं चाहता है और वह शांति और संयम का पुरजोर समर्थक है। आज पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर व घाटी की शांति, सौहार्द भंग करने के लिए लगातार आतंकियों व आतंकवाद का सहारा ले रहा है क्योंकि वह भारत से प्रत्यक्ष लड़ाई करने की स्थिति में नहीं है, इसलिए वह चोरी-छिपे अमेरिका, चीन जैसे देशों की मदद से (हथियार, गोला-बारूद) भारत में समय-समय पर अशांति फैलाने की फिराक में रहता है और अब इसी क्रम में धारा-370 हटने के बाद वह बुरी तरह से तिलमिला उठा है और आतंकवाद के लिए नये-नये हथकंडे अपना रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि डिजिटल घुसपैठ वर्तमान में पाकिस्तान का एक नया पैंतरा है और वह डिजिटल घुसपैठ के जरिए लगातार भारत में अशांति, उपद्रव और हिंसा फैलाने की फिराक में है। पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है हालांकि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है। आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज पाकिस्तान डिजिटल गतिविधियों के जरिए नफ़रत फैलाने वाले भाषणों, चरमपंथी कंटेंट को लगातार बढ़ावा देने में लगा है. हमारी सुरक्षा एजेंसियों को इसे रोकने के लिए मिलकर एकजुट होकर काम करना होगा और चरमपंथी कंटेंट,नफरती भाषणों के आडियो-विडियो को तेजी से पहचानना होगा। हमें हमारे देश में तकनीकों को और अधिक विकसित व समृद्ध करने की जरूरत है। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया की हर कहीं बहुत व्यापक व आसान पहुंच है। आज इंटरनेट व सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकी संगठन कट्टरपंथी कंटेंट, नफरती भाषणों को फ़ैलाने का ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि मीडिया में आई खबरें बतातीं हैं कि वे नये लोगों का रिक्रूटमेंट तक कर रहे हैं। सच तो यह है कि इंटरनेट के माध्यम से आज पाकिस्तान आभासी कट्टरपंथ पैदा कर रहा है। इससे विशेषकर जम्मू-कश्मीर व घाटी में शान्ति व्यवस्था बाधित हो सकती है। इसके लिए हमें एक मजबूत नेटवर्क के साथ ही इन सभी पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। मीडिया, साइबर क्राइम आदि के बारे में आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक व सचेत करने की जरूरत है। हमें देश से बेरोजगारी, ग़रीबी को भी दूर करना होगा क्योंकि बेरोजगार व गरीब युवा बहुत बार इनके चक्कर में आ जाते हैं और फिर इससे निकलने का रास्ता उन्हें नहीं सूझता है। हमें देश में विकास को बढ़ावा देना होगा, शिक्षा का उजियारा सब तक फैलाना होगा। इतना ही नहीं, हमें हमारे देश में सहयोगात्मक ऑनलाइन पुलिसिंग को भी बढ़ाना होगा। तकनीकी विकास तो करना ही होगा ताकि ऐसे कट्टरपंथी कंटेंट पर लगाम लगाई जा सके। डिजिटल घुसपैठ(कट्टरपंथी कंटेंट) किसी भी राज्य, संस्थाओं और नागरिकों को विभाजित कर सकती है, हिंसा फैला सकती है। डिजिटल घुसपैठ अराजकता और झूठी सूचनाएं फैला सकती है।

दृष्टि कोण

देश की तरक्की में बाधक हैं मुफ्त की रेवड़ियां

पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक में अपने ही दल की सरकार की यह कहकर आलोचना की कि जो चुनावी वादे पूरे नहीं किए जा सकते, उन्हें न करें। वजह यह है कि सरकार बन जाने पर उन्हें पूरा करने में कठिनाई आती है। उनका आशय मुफ्त की उन योजनाओं से था, जिन्हें पूरा करने में सरकारी खजाने को खाली होने का डर होता है। हिमाचल प्रदेश के बारे में अभी खबर आई ही थी कि वहां सरकारी खजाने का हाल यह है कि सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए संसाधन जुटाने में दिक्कत आ रही है। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार ही है। लेकिन पक्ष-विपक्ष के नेताओं को चुनाव जीतने से मतलब होता है। सोच लिया जाता है कि बाद की बाद में देखेंगे। इसलिए खड़गे के बयान पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अरसे से देख रहे हैं कि सभी दल, जनता उन्हें वोट दे, वे किसी न किसी तरह चुनाव जीत जाएं, इसके लिए मुफ्त में सब कुछ देने का वादा करते हैं। वे भूल जाते हैं कि अपने ही किए गए वादों के जाल में फंस सकते हैं। फंसते हैं, तभी तो खड़गे ने ऐसा बयान दिया। एक बार तमिलनाडु से आने वाली घरेलू सहायिका ने बताया था कि महीने भर का राशन- अनाज, चावल, दालें, तेल, मसाले आदि सब चीजें मुफ्त में हर एक के घर पहुंचा दी जाती हैं। महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त है। चुनावी घोषणापत्र में अनेक दल टीवी, मोबाइल, साइकिल, स्कूटी, लैपटॉप, साड़ियां आदि देने का वादा करते हैं। पक्के घर, बिजली, पानी आदि भी देने के वादे किए जाते हैं। मुफ्त की चिकित्सा सुविधा भी। इन दिनों तो युवाओं, स्त्रियों, बुजुर्गों के खाते में सीधे हजारों रुपए भेजने की बातें की जाती हैं। ये पैसे कहां से आएंगे, इसकी चिंता किसी दल को नहीं होती। सारे पैसे मुफ्त में देने में ही खर्च हो जाएंगे, तो बाकी के कामों का क्या होगा। कोई भी यह नहीं कहता कि लोग परिश्रम करें। न ही इसकी योजनाएं बनाई जाती हैं कि लोगों को अधिक से अधिक संख्या में काम पर कैसे लगाया जाएगा। वैसे भी अपने यहां कहावत है कि अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम। दास मलूका कह गए सबके दाता राम। यानी कि लोग भाग्य और अब सरकारों के भरोसे रहें। किसी भी देश को बर्बाद करना हो, तो लोगों को श्रम से मुंह मोड़ना और भाग्य के भरोसे रहना सिखा दें। यही अपने यहां हो रहा है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटें और कुछ रास्ता न बचे तो वर्ल्ड बैंक के सामने कटोरा फैलाकर कर्ज ले लिया जाए। वेनेजुएला जैसे फलते-फूलते देश की अर्थव्यवस्था इन रेवड़ियों के कारण किस तरह से बैठ गई, यह हम सबने देखा। और सोवियत संघ के पतन से भी हमने कुछ नहीं सीखा। सोचें कि मुफ्त देने के मुकाबले यदि इन पैसों को देश के विकास में लगाया जाए, तो इससे लोगों को काम भी मिलेगा और लोगों के परिश्रम की आदत भी नहीं छूटेगी। यहां दो उदाहरण देना उचित होगा। कुछ साल पहले बिजली का बिल ठीक कराने के लिए बिजलीघर गई थी। वहां पता चला कि फोटोकापी वाला इस काम को आसानी से करा देता है। कुछ पैसे देने होंगे। बार-बार आने और फिर भी काम न हो पाने के मुकाबले, कुछ पैसे देना उचित लगा। वहां पहुंची, तो फोटोकापियर एक आदमी से बात कर रहा था। वह आदमी कह रहा था कि पास ही की एक कालोनी में उसका पच्चीस गज का चार मंजिल का घर है। चारों मंजिल उसी के पास हैं। वह चाहता है कि हर मंजिल पर एक अलग मीटर लगा दिया जाए, जिससे कि किसी भी मंजिल का बिल दो सौ यूनिट से ज्यादा न आए और उसे बिजली का एक पैसा न देना पड़े। यानी कि खर्च तो आठ सौ यूनिट होंगी, मगर अलग-अलग मीटरों के कारण उसका बिजली का बिल शून्य होगा। कारण, दिल्ली की सरकार ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त में दे रखी है। यह तो एक उदाहरण है, लम्बे-चौड़े दिल्ली शहर में ऐसा कितने लोग करते होंगे, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। दरअसल, एक बार अगर मुफ्त की कोई योजना शुरू कर दी जाए तो फिर किसी भी दल की हिम्मत नहीं होती कि वह उसे खत्म कर दे। क्योंकि खत्म करते ही विरोधी उसके पीछे पड़ जाते हैं और अपना नुकसान होते देख, लोग चुनाव हरा देते हैं। इसके अलावा यह भी होता है कि आज आपने किसी को एक रुपया मुफ्त दिया है, तो वह कहता है कि एक रुपया तो पहले से ही मिलता है, वही दे रहे हो तो नया क्या दे रहे हो। वोट तो तब दें, जब ये बताओ कि इस एक रुपए से बढ़ाकर कितना दोगे। जितना मुफ्त मिलता जाता है, लालच बढ़ता जाता है। कुछ साल पहले पास ही के उत्तर प्रदेश के शहर में साहित्य उत्सव में गई थी। वहां स्थानीय लोग बहुत थे। उनमें से बहुत से गांवों से आए थे। उनका कहना था कि अब गांवों में युवा काम करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वहां लोगों को बहुत कुछ मुफ्त मिलता है, तो कोई काम क्यों करे। यह भी बताया कि बहुत से युवा इकट्ठे होकर, दिन भर जुआ खेलते रहते हैं। चूंकि खाली हैं, तो लड़ाई-झगड़ा और अपराधों का ग्राफ भी बढ़ा है। यह सिर्फ एक स्थान की बात नहीं है। भारत भर से ऐसी खबरें आ रही हैं कि अब काम करने वाले आसानी से नहीं मिलते। खटाखट-फटाफट के चक्कर में लोग इस बात से आश्वस्त हो जाते हैं कि उन्हें अब खाने-पीने और पैसे की दिक्कत नहीं होगी, तो बिना मतलब काम क्यों किया जाए। परिश्रम न होने के कारण गांवों में, कम उम्र में ही वे बीमारियां बढ़ रही हैं, जिन्हें बड़ी उम्र के रोग कहा जाता था। तमाम बड़े अर्थशास्त्री मुफ्त की योजनाओं को किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक मानते हैं, मगर दलों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

कुछ अलग

प्राचीरों से दिया गया प्रवचन

इस प्राचीर तक पहुंचने की इच्छा उनकी नहीं थी। इन प्रासादों के भीतर भी उनका प्रवेश निषेध रहा। लेकिन फिर भी उन्हें समझा दिया जाता कि यह प्राचीर तुमसे दूर नहीं। इस पर पीढ़ी दर पीढ़ी बैठे लोगों के जय जयकार के नारे लगाते रहोगे, तो जब वोट डालने का वक्त आएगा, तो ये चार दिन की चांदनी का मंत्र-वाक्य सिद्ध करने के लिए तुम्हारे दरवाजे पर दस्तक दे देंगे। तुम उनसे न पूछना कि इन चंद चांदनी रातों के बाद क्या फिर अंधेरी रात का उपहार है? बरखुरदार भला इसके पूछने की क्या जरूरत है? यहां अंधेरी रातों के तोहफे नहीं बंटते, यह तो तुम्हारी नियति है। अब तक इसे झेल लेने की तो तुम्हें आदत हो जानी चाहिए थी। बहुत-सी बातों की आदत तो हो गई है, तुम्हें कि जैसे यह आदत कि चिंता न करो, अच्छे दिन आएंगे। सब जन रोटी खाएंगे। बदन पर फटे चीथड़ों की जगह सज्जनों जैसे वस्त्र पाएंगे। उनके बिना दीवारों के घर अब उनसे रुखसत ले लेंगे। उनके सिर पर छत का चंदोबा बन जाएगा। जिसके फटे सीने से झांकता हुआ चांद उनके साथ हाथ मिलाने नहीं आएगा। यह सब नहीं मिला। हां, इसका इंतजार करने की आदत अब अवश्य पक्की हो गई है। सपनों का बायस्कोप दिखाने वाला अपने ओजस्वी भाषण के साथ आज भी जरूरत पडने पर उनकी गलियों का चक्कर लगाने आ जाता है। उसके पास निकट भविष्य में उनका वक्त बदल जाने का संदेश रहता है। लेकिन यह भविष्य कितना निकट है, शायद इसकी खबर उसे नहीं रहती। प्राचीर से चिल्लाओ तो आवाज को उनके पाताल तक पहुंचते देर लगती है। उनके प्रासादों के बाहर कभी फुटपाथ थे, उनका ठिकाना बन जाते थे, लेकिन स्वच्छ भारत अभियान में इन फुटपाथों पर मैले कुचैले लोगों का क्या काम? क्यों न इन्हें चंद टूटी झुग्गियों में समेट दो। इन्हें पर्दाकशी करने के लिए इनके बाहर ऊंची दीवारों का परकोटा बना दो। हमारे सम्पन्न मसीहा यह उभरता-संवरता देश देखने आएंगे। उनकी नजर इन मैली-कुचैली बस्तियों पर नहीं पडनी चाहिए। उनके सौंदर्य बोध पर आघात लगेगा। उन्हें सिर्फ यही बताना कि वह दुनिया के उस सबसे बड़े लोकतंत्र में तशरीफ लाए हैं, जहां अति गरीब जनता की भीड़ हर बार चुनाव दुंदुभि बजने के बाद बड़ी ईमानदारी के साथ अपने वोटों की पुष्पांजलि से इन प्राचीरों और प्रासादों पर कब्जा जमाए अति असामाजिक तत्वों को अपना नया खुदा चुनती है। इन नए खुदाओं के दिल में उनका दर्द नौ दिन और अपने भाई-भतीजों का दर्द सौ दिन सवाया रहता है। इसी को वे इस देश में समाजवाद की स्थापना का नाम देते हैं, जहां टसुवे गरीब के लिए बहाए जाते हैं और माऊंट एवरेस्ट अमीर का उठाया जाता है। यह अमीर संख्या में बहुत नहीं हैं। जनता के धूलि-धूसरित आटे में नमक की तरह रहना पसंद करते हैं। नमक अधिक हो जाए तो उनकी सेहत देश में बिगडने लगती है। सेहत बिगड़ती है तो वे बैंकों की सेहत बिगाड़ देते हैं। अपने प्रासादों और प्राचीरों की धौंस से उनका जो खजाना उठा कर अपनी तिजोरी में भरा होता है, उसे अपनी गठरी में समेट कर विदेशों की ओर प्रयाण कर जाते हैं। आजकल इन देशों की नागरिकता बिकने लगी है। अपना चोला बदलते देर ही कितनी लगती है। बस गंगा गए तो गंगा राम और जमना गए तो जमना दास हो जाते हैं। पीछे जिन्हें छोड़ गए, वे प्रासाद के प्राचीर उनकी प्रतीक्षा करते हैं। जिन बैंकों के कोषागार खाली कर गए थे, उनके वजूद लडख़ड़ाने लगते हैं।

एआई की दौड़ में जीत हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है हरित ऊर्जा

अमिताभ कांत

कोविड-19 महामारी के बाद के वर्षों में हम तकनीकी इतिहास की सर्वाधिक परिवर्तनकारी क्रांतियों में से एक ¯ उपयोगी, सार्वभौमिक और असीमित कृत्रिम आसूचना (एआई) के उदय के साक्षी बने। इस नए एआई युग से उत्पन्न होने वाली प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और आर्थिक अवसरों को सुरक्षित करने की दिशा में वैश्विक स?तर पर दौड़ जारी है। जिस तरह एआई उद्योगों में परिवर्तन और हमारे दैनिक जीवन में क्रांति लाना जारी रखे हुए है, उसी तरह, बड़ी मात्रा में ऊर्जा का उपयोग करने वाली (यानी एनर्जी –इंटेंसिव) एआई प्रोसेसिंग की मांग बढ़ती जा रही है। अपने प्रचुर नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों और बढ़ते एआई इकोसिस?टम के साथ भारत, एआई प्रोसेसिंग को शक्ति प्रदान करने के लिए हरित ऊर्जा का उपयोग करने की दिशा में वैश्विक स?तर पर अग्रणी बनने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में है। एआई प्रोसेसिंग के लिए ऊर्जा की बहुत अधिक मात्रा में आवश?यकता होती है। अनुमान है कि एक एआई मॉडल के प्रशिक्षण में डेटा सेंटर में 284,000 किलोवाट-घंटा (केडब्ल्यूएच) तक बिजली की खपत हो सकती है। एक सिंगल चैट जीपीटी क्वेरी किसी सामान्य गूगल सर्च की तुलना में लगभग दस गुना ज्यादा ऊर्जा और एक घंटे के लिए पांच-वाट के एलईडी बल्ब को चलाने में खर्च होने वाली ऊर्जा जितनी मात्रा में ऊर्जा का उपयोग करती है। इसके अलावा, अकेले डेटा सेंटर बिजली की वैश्विक मांग के 1 प्रतिशत के लिए उ?तरदायी हैं, जो स्थायी ऊर्जा समाधानों की आवश्यकता पर जोर देता है। एआई कंप्यूटिंग के लिए ऊर्जा की ज़रूरते बड़े पैमाने के डेटा सेंटरों की तत्काल स्थापना किए जाने को आवश?यक बनाती हैं, जिन्हें हाइपर-स्केल डेटा सेंटर के रूप में जाना जाता है। ये नए हाइपर-स्केल डेटा सेंटर इतने पैमाने और गति पर विश्वसनीय ग्रीन पावर की मांग करते हैं, जिसे प्राप?त करने के लिए कई क्षेत्र संघर्ष करते हैं। साल 2030 तक ग?लोबल डेटा सेंटर की ऊर्जा संबंधी ज़रूरतों के 4,000 टीडब्ल्यूएच तक पहुंचने का अनुमान है, जो बिजली की वैश्विक मांग का 5 प्रतिशत होगी।नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों में निर्माण और स्टार्टअप के लिए टाइमलाइन काफी तीव्र होती है, ऐसा मानकीकृत इकाइयों या खंडों के उपयोग वाले उनके मॉड्यूलर डिज़ाइनों की बदौलत होता है। हालांकि, अनेक क्षेत्रों के लिए इन संयंत्रों के तेज़ निर्माण के साथ तालमेल बैठा पाना, खासकर ग्राहकों को बिजली पहुंचाने के लिए पर्याप्त ट्रांसमिशन लाइनें सुनिश्चित कर पाना मुश्किल होता है। भारत ने साल 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत बिजली गैर-जीवाश्म ईंधन से प्राप्त करने का लक्ष?य निर्धारित करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हर साल 300 से ज़्यादा दिन धूप और तेज़ हवा की गति सहित भारत में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं मौजूद है, जिनका उपयोग एआई प्रोसेसिंग में सहायता देने के लिए किया जा सकता है। भारत की असली ताकत निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में स्थानीय ग्रीन एनर्जी लीडर्स से आती है, जो बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय ऊर्जा परियोजनाओं को लागू कर सकते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग को एक आधुनिक राष्ट्रीय ग्रिड और एक प्रभावी नियामक ढांचे का समर्थन प्राप्त है। साथ ही, देश में 1,000 से अधिक एआई स्टार्टअप के साथ भारत का एआई इकोसिस?टम तेजी से बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक एआई प्रतिभा का 20 प्रतिशत भारत में मौजूद है, जो इसे एआई कंपनियों के लिए एक आकर्षक स्थान बनाता है। डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स और क्लाउड कंप्यूटिंग की बढ़ती मांग से प्रेरित होकर भारत में एआई बाजार के साल 2025 तक 7.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स और क्लाउड कंप्यूटिंग की बढ़ती मांग के कारण भारत का डेटा सेंटर बाजार तेजी से बढ़ रहा है। मार्केट्स एंड मार्केट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 तक बाजार की स्थापित क्षमता 1,432 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है, जो 21.1 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। साल 2030 तक, इसके 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 3,243 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। फाइनेंशियल टाइम्स में हाल ही में छपे एक लेख से पता चलता है कि भारत हाइपर-स्केल डेटा सेंटरों के नेतृ?व में एशिया प्रशांत क्षेत्र का शीर्ष डेटा सेंटर बाजार बन जाएगा।डेटा सेंटर की कुछ खास ज़रूरतें होती हैं, जो उन्हें अन्य ढांचागत परियोजनाओं से अलग करती हैं। उन्हें विश्वसनीयता, सुरक्षा, मॉड्यूलरिटी और बहुतायत या रिडंडेंसी के उच्च मानकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। उनकी सफलता के लिए बैकअप पावर का होना ज़रूरी है। यद्यपि डीजल जनरेटर वर्तमान में इस्तेमाल की जाने वाली मुख्य बैकअप तकनीक है,लेकिन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा बैटरी (6 घंटे का बैकअप प्रदान करते हुए) और हाइड्रोजन ईंधन सेल (48 घंटे का बैकअप प्रदान करते हुए) जैसे हरित विकल्पों के संबंध में अ=?वेषण किया जा रहा है। हाइपर-स्केल डेटा सेंटर के विस्तार के लिए पानी की उपलब्धता एक चुनौती है, इसलिए उप-उत्पाद के रूप में पानी का उत्पादन करने वाली फ्यूल सेल जैसी तकनीकों को एकीकृत करना एक आशाजनक समाधान हो सकता है।हैदराबाद में गूगल का एआई -संचालित डेटा सेंटर 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर काम करता है, जो संधारणीय एआई प्रोसेसिंग के लिए एक मिसाल कायम करता है। पुणे में माइक्रोसॉफ्ट का एआई -संचालित डेटा सेंटर अपनी ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करता है, जो एआई में हरित ऊर्जा की संभावनाओं को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार की ÷मेक इन इंडिया÷ पहल इस क्षेत्र में विकास के लिए सहायक ढांचा प्रदान करते हुए हरित डेटा सेंटरों और एआई अवसंरचना के विकास को बढ़ावा देती है।एआई डेटा सेंटर क्षेत्र में सफलता पाने के लिए भारत को नेट-जीरो हाइपर स्केल डेटा सेंटरों के लिए नीति निरुपित किए जाने की आवश?यकता है। इसका आशय है कि ऐसे विशाल डेटा सेंटर बनाए जाने चाहिए, जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में योगदान नहीं देते हों। देश को ऐसे प्रमुख स्थानों की पहचान करनी चाहिए, जो विश्वसनीय बैकअप ऊर्जा विकल्पों के साथ-साथ निरंतर हरित बिजली प्रदान कर सकें। इसके अतिरिक्त, भारत को कुशल श्रमिकों को आकर्षित और तैयार करने की आवश्यकता है, जो अत्यधिक सुरक्षित और कुशल उन्नत डेटा सेंटरों का निर्माण कर सकें।नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार को पायलट परियोजनाओं का वित?त पोषण करना चाहिए, ताकि ऊर्जा और पानी का कम उपयोग करने वाले डेटा सेंटर स्थापित करने के तरीके तलाशे जा सकें। भारत के लिए यह भी आवश्यक है कि वह प्रभावी नीतियों और विनियमों को लागू करके डेटा सुरक्षा के संबंध में वैश्विक स्तर पर विश्वास कायम करे।स्वच्छ ऊर्जा और बढ़ते एआई इकोसिस?टम में अपनी ताकत के साथ, भारत हरित ऊर्जा- संचालित एआई प्रोसेसिंग में अग्रणी बनने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में है। अपने नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का लाभ उठाकर और एआई डेटा सेंटरों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटकर भारत अपने कार्बन फुटप्रिंट्स में कमी ला सकता है, टिकाऊ व्यवसाय और नवाचार के केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा सकता है तथा स्वच्छ ऊर्जा और एआई क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है।

(लेखक भारत के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ हैं। आलेख में व्यक्त विचार लेखक के निजी विचार हैं।)

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पैसे को लेकर हुई थी सलीमा की हत्या, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : 13 नवंबर को बाजकुम स्थित नवोदय विद्यालय के पास पुलिस ने एक घर से महिला का अधजला शव बरामद किया है। इस संबंध में एसडीपीओ अरविंद कुमार ने रविवार को पुलिस साभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि 13 नवंबर को हमें सूचना मिली कि नवोदय विद्यालय के सामने एक घर से धूंआ निकल रहा है जिसके सत्यापन के लिए पुलिस अवर निरीक्षक रंजन पासवान व बिंदु कुमार को भेजा गया जहां उन्होंने देखा कि घर में आग लगी है जिसके बाद अग्निशमन के मदद से उस आग पर काबू पाया गया। इसके बाद जांच करने पर घर के अंदर से एक महिला का अध जला शव बरामद किया। जांच में महिला की पहचान सलीमा तिग्गा पति अरुण कुमार अंबाटोली थाना महुआडांड़ के रहने वाले के रूप में हुआ। जो वर्तमान में लखन साव बरियातू जागीर के घर में पिछले तीन-चार माह से भाड़े पर रह रही थी। जिनकी हत्या अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा कर दी गई है एवं साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना मृतका को परिजनों को दिया गया। परंतु उनके नहीं आने पर चौकीदार ओमप्रकाश पासवान के बयान पर लातेहार थाने में कांड संख्या 186/2024 धारा 103 (1)/238 बीएनएस 2023 दर्ज किया गया।मामले के खुलासा को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अनुसंधान को लेकर छापेमारी दल का गठन किया गया। कांड अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा के मदद से धनंजय शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला उम्र 33 वर्ष पिता उमाशंकर शुक्ल चंदनडीह एवं निशान ठाकुर उम्र 28 वर्ष पिता किशोर ठाकुर मनकेरी जागीर को गिरफ्तार किया गया एवं उनके निशानदेही पर घटना कार्य करने में असलाहार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपने अपराध को स्वीकार करते हुए बताया कि घटना के दिन मृतिका सलीम तिग्गा ने अभियुक्त धनंजय शुक्ला एवं अभियुक्त निशान ठाकुर से मुर्गा एवं दारु बीयर मंगवाए थे तथा तीनों साथ बैठ कर शराब पिया एवं पीने के क्रम में ही मृतका सलीमा तिग्गा ने दोनों से पैसे की लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया जब धीरे-धीरे बात बढ़ गई तो दोनों ने मिलकर सलीम तिग्गा की हत्या कर दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाइयों को करवाया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड मुख्यालय मैन चौक में स्थित शिशु विद्या मंदिर गिद्धौर में 15 नवंबर से 17 नवंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाइयों का प्रारंभिक वर्ग लगाया गया। जिसमें कुल 60 लोग शामिल हुए।यह कार्य चतरा जिला संघ संचालक मोतीलाल अग्रवाल के निर्देशानुसार करवाया गया। जो शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक विनोद दांगी के नेतृत्व में कार्य संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सभी भाई 18 वर्ष से ऊपर आयु के शामिल हैं। इन लोगों को प्रशिक्षण में बतलाया गया कि अपने के साथ-साथ अपने आसपास के व्यक्ति का विकास सर्वांगिक तरीके से करने के लिए मदद करने की जरूरत है।इस प्रशिक्षण में शामिल सभी स्वयंसेवक को अनेक प्रकार के योग अभ्यास, व्यायाम, योग निद्रा, संवाद, संस्कृति कार्यक्रम तथा संघ के प्रमुख अधिकारियों द्वारा अन्य विशेष जानकारी बतलाई गई। आगे बतलाया गया कि अनुशासन समय अनुपालन और शैक्षणिक स्तर को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है। तथा अपने आसपास के लोगों को शिक्षित व योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना है। आत्मनिर्भर बनना है। जैसे कई पहलुओं पर चर्चा की गई।

शिव मंदिर निर्माण को लेकर शिवपुर में किया गया भूमि पूजन

टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): औद्योगिक नगरी टंडवा में विकास की पहचान दिलाने वाले अति सुदूरवर्ती रेलवे स्टेशन शिवपुर गांव में, शिव स परिवार विराजमान हेतु भव्य मंदिर का निर्माण को लेकर भूमि पूजन का कार्य किया गया। कार्तिक मास की पूर्णिमा और झारखंड स्थापना दिवस के शुभ संयोग आणि पंद्रह नवंबर को शिवपुर ग्रामवासी, क्षेत्रवासी सहित संपूर्ण सनातन परिवार के लिए यह एक अत्यंत हर्षपूर्ण का बेला रहा। इस शुभ अवसर पर उपस्थित पदमपुर पंचायत के रोल गांव निवासी सह सनातन धर्म प्रेमी मिथिलेश कुमार सिंह ने सभी प्रबुद्धजनों से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि आप सभी अपने दिव्य विचारों और समर्थन से इस प्रयास को सफल बनाएं। यह सहयोग ग्रामवासियों के लिए दवा और दुआ दोनों का काम करेगा। सनातन धर्म में आने वाली असुविधाओं और संस्कारों के प्रति अनभिज्ञता को दूर करने के लिए शिक्षित और संपन्न वर्ग को आगे आकर बढ़-चढ़कर सहयोग करना होगा। हम आपसे तन, मन और धन से सहयोग करने की अपेक्षा रखते हैं। इसी के साथ शिवपुर के गरीब जन समुदाय बाबा भोले भंडारी से प्रार्थना करते हैं कि, वे आप सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखें। ऐसी हमारी मंगल कामना है।

आम्रपाली कोल परियोजना में द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : आम्रपाली-चंद्रगुपत कोल परियोजना में द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उक्त बैठक की अध्यक्षता श्रमिक संघ के प्रतिनिधि रवीन्द्र नाथ सिंह के द्वारा की गयी, जिसमें सी0सी0एल0 कंपनी स्तर के सुरक्षा समिति के सदस्य, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य, क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, आम्रपाली परियोजना के परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक, सुरक्षा पदाधिकारी एवं संवेदक के प्रतिनधि उपस्थित थे। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने पिछले द्विपक्षीय बैठक की, कार्रवाई रिपोर्ट तथा वर्तमान सुरक्षा स्थिति की प्रस्तुति दी। उक्त बैठक में श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे कार्यस्थल की सुरक्षा, सुरक्षा उपायों का कार्यान्वयन, और प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रमुखता से उठाया गया। परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद अकरम ने कार्यस्थल की सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। शमहाप्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और सभी कर्मचारियों को इसे सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने शून्य दुर्घटना पर ज़ोर दिया। अंत में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के द्वारा सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की गई।

हॉस्पिटल में मरम्मती के नाम पर महाघोटाला

➲ना विपिंग ना घोला, सीधा ढलाई कर किया जा रहा है खानापूर्ति
➲मरम्मती के नाम पर लाखों का है बजट, मरम्मती का किया जा रहा है खानापूर्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : अनुमंडल मुख्यालय के एक मात्र रेफरल अस्पताल को विभाग द्वारा लाखों का मरम्मती का किया गया है टेंडर। ठेकेदार द्वारा महज खानापूर्ति की जा रही है। जैसे में बड़ी सवाल खड़ा होता है कि जब खानापूर्ति हीं करनी थी तो मरम्मती क्यों। आपको बता दें कि मरम्मती का नाम पर लाखों का घोटाला होने वाला है। टेंडर में समस्त हॉस्पिटल को मरम्मती करना है। चुकी हॉस्पिटल के छत से पानी का रिसाव वर्षा के मौसम में काफी होता था। जिससे बिल्डिंग खराब व जर्जर हो रहा था।किंतु छत को ढलाई के लिए ना हीं चिपिंग किया गया है ना हीं घोला और सीधा ढलाई कर दिया गया है। ढलाई के बाद उक्त ढलाई पुनः बहुत जल्द फट जाएगा। जिससे पूर्व की तरह पुनः छत से पानी टपकना जारी हो जाएगा। वहीं ठिकेदार द्वारा जहां तहां मरम्मत कर वैसे हीं हाल में छोड़ दिया जा रहा है। साथ हीं उक्त ढलाई में किया जा रहा बालू का उपयोग भी बेकार है। चुकी उपयोग में लाया जा रहा बालू में मिट्टी का मात्रा ज्यादा है। वैसे में ढलाई की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर घटिया ढलाई की जानकारी मिलते हीं प्रमुख रोहन साहू ने छत का ढलाई का जांच किया तो वगैर चिपिंग का तथा घोला का ढलाई किया गया था। वहीं महज एक इंच या डेढ़ इंच का मात्र ढलाई किया गया है। इस तरह मनमानी को लेकर प्रमुख रोहन साहू ने आईएएस अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को शिकायत कर सुधार तथा कारवाई की बात कही है।

डैम में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

हंटरगंज/चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बगडुलवा डैम मे डूबने से एक बालक मौत हो गई। घटना हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बलूरी गांव में रविवार सुबह 9 बजे की है। मृतक संतोष कुमार चंद्रवंशी के पुत्र 10 वर्षीय पीयूष कुमार बलूरी निवासी है वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलूरी के कक्षा 4 का छात्र था। घटना की सूचना मिलते हंटरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजवा दिया है।पोस्टमार्टम के बाद शाम को शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अपने फुफेरा भाई के साथ शौच के लिए गया था इसी दौरान पैर फिसल जाने से बालक गहरा पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक मृतक के पिता जी नहीं आएंगे तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता कोलकाता में मजदूरी करता है। इधर चीख - पूकार चीत्कार से पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है।

बरवाडीह में लगा निशुल्क मेडिकल कैंप, 170 मरीजों का हुआ इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत छेंचा के हाईस्कूल मैदान में रविवार को जीवन हॉस्पिटल बरवाडीह द्वारा मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राजधानी रांची से प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कौशल किशोर, डॉक्टर ज्योत्सना पांडे, डॉ मकबूल अंसारी डॉ सुजीत कुमार का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर पंचायत के कोने-कोने से आए लगभग 170 मरीजों के जांचोपरांत निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई । मौके पर जीवन हॉस्पिटल के सिनियर डॉ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि हमारी संस्था के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मेडिकल कैंप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। कहा कि बरवाडीह थाना गेट के करीब जीवन हॉस्पिटल कई वर्षों से संचालित है जहां पर कई तरह के स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर बिपिन कुमार, अहमद रजा, राजन, शिवम् कुमार, मुबारक अंसारी, पूजा कुमारी, चंदा कुमारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

साइबर अपराधी से बचाव को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम में रविवार को एनआई आई टी एवं इंडस टावर कंपनी के कार्यकर्ता सुलभ सिंघमहापात्र ट्रेनर, राजेश कुमार मोबिलाइजर एवं मनीष कुमार सिंह ट्रेनर द्वारा जन साक्षरता अभियान के अन्तर्गत डिजिटल लिट्रेसी, साईबर सिक्योरिटी के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी खास कर गांव के भोले भाले लोगों को ही चिन्हित कर उनको अपना शिकार बना रहे हैं। आप लोग उनके झांसे में आसानी से फंस जाते हैं। अपना सारा डिटेल्स उनको बता देते हैं। वे आसानी से आपके खाते से पैसे को उड़ा लेते हैं। साइबर अपराधी से बचना है तो । आप लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर बालेश्वर उरांव सरोज देवी सुमंती देवी बटन उरांव संतोष उरांव चंदन साव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

रंगदारी वसूलने की योजना बनाते चार अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : पुलिस को अपराधियों के खिलाफ एक बार फिर सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। इस संबंध में रविवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिले थी कि चंदवा थाना के कुसुम टोली स्थित कृषि फार्मा के मैदान में उग्रवादी राहुल सिंह अपने संगठन के सदस्यों के साथ व्यवसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा है। इसके बाद एसपी ने हमारे नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया। जिसके हमने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुसुम टोली स्थित कृषि फार्मा के मैदान पहुंचे, जहां पर 12 से 13 की संख्या में लोग बैठकर एक दूसरे से बातचीत कर रहे थे और शराब व सिगरेट का सेवन कर रहे थे। जब उन लोगों ने पुलिस बल को देखा तो भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेर कर चार अपराधियों को पकड़ लिया तथा 7 से 8 अपराध कर्मी भागने में सफल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों से पुलिस ने जब पूछताछ कि तो एक ने अपना नाम पीयूष उरांव उम्र 21 वर्ष पिता देवधारी उरांव ग्राम चेटर शुक्लकट्ठा टोला, दूसरे ने बादल लोहरा 21 वर्ष पिता विजय लोहरा पता रखात, तीसरे ने दीपक लोहरा 22 वर्ष पिता संतोष लोहरा हुटाप और चौथे ने अपना नाम दिनेश कुमार 19 वर्ष पिता शिव लोहरा पता रूद्र मूर्तियां सभी चंदवा थाना के रहने वाला बताया। जब पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक 9एमएम का देसी पिस्टल जिसके साथ एक जिंदा गोली, 315 देसी कट्टा जिसमें जिंदा गोली लोडेड था और दो 0.315 जिंदा गोली, चार पीस मोबाइल एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद किया गया है। आगे एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि दिनांक 15 नवंबर को चंदवा स्थित पेट्रोल पंप में गोलीबारी की घटना को अंजाम इन्हीं गिरोह के द्वारा दिया गया था सभी चारों अपराधियों ने अपना अपराध को स्वीकार किया है की लेवी को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया था छापेमारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार के साथ चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, सरोज कुमार सिंह, टेक्निकल सेल के पंकज कुमार और चंद्रमा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

आगजनी एवं गोली कांड के पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : आगजनी मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने बताया कि 05 नवम्बर 2024 को गोलीटांड़ चौक के पास मगध कोलयरी से कोयला लोड करके आ रहे एक टेलर हाईवा एवं 14 चक्का ट्रक को अज्ञात अपराधियों के द्वारा आग लगा दिया गया था फायरिंग की भी घटना हुई थी साथ ही जेजेएमपी के विक्रम जी के द्वारा धमकी दिया गया था और लेवी नहीं देने वाले के विरुद्ध विधवंशक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। जिसके आलोक में बारियातू थाना में बीएनएस. एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा 17 सीएलए एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज की गई थी।अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि इस घटना में आपराधिक गिरोह बनाकर दस अभियुक्तों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें से पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।घटना में प्रयोग किए गए यग्नियास्त्र भी इनके निशान देही पर बरामद किया गया है। उपर्युक्त अभियुक्त के द्वारा अपराधी गिरोह बनाकर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नाम पर चतरा, लातेहार, रांची जिलों के कोयला ट्रांसपोर्टर ठेकेदार एवं व्यापारियों को धमकी देकर लेवी वसूलने का कार्य किया जाता है।और लेवी का रकम सभी दसों अभियुक्त आपस में बांट लेते हैं। इस गिरोह में शामिल कई सदस्य पूर्व में माओवादी एवं अन्य उग्रवादी संगठन के सदस्य भी रह चुके हैं। इनमें से कुछ के विरुद्ध कई आपराधिक एवं नक्सली कांड दर्ज हैं इनके अलावे बचे अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास एक 0.315बोर का देशी कट्टा, दो अदद 0.315 का जिन्दा कारतूस, एक देशी बन्दुक, 0. 303 बोर का जिन्दा कारतूस 44 अदद एवं 0.303 का मिसफायर कारतूस 0.5अदद कुल 49 अदद कारतूस, पैशन प्रो मोटरसाईकिल, सभी अभियुक्तों के पास से बरामद कुल 03 स्मार्ट फोन बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त फलेन्द्र गंझु पिता ठाकुर दयाल गंझु, ग्राम भगिया बरावाटोला थाना बालूमाथ जिला लातेहार, रोहन गंझु पिता करम गंझु, ग्राम भगिया बरावाटोला थाना बालूमाथ जिला लातेहार, राजेंद्र गंझु, पिता सुखदेव गंझु ग्राम भगिया बरावाटोला थाना बालूमाथ जिला लातेहार, संजय राम पिता विशुन राम, ग्राम बघमरी थाना मैक्लुस्कीगंज जिला रांची, सुनील भगत पिता बासुदेव भगत ग्राम सीरम थाना बालूमाथ, जिला लातेहार शामिल हैं।आगे उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 में बालूभांग अमानत नदी पर बन रहे पुल में लगे कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार को पूर्व माओवादियों के सदस्य एवं वर्तमान जेएलटी उग्रवादी संगठन के सदस्य के नाम पर धमकी दी गई थी। इसके आलोक में बारियातू थाना कांड संख्या 30 / 24 दिनांक. 19. 04. 2024 धारा 385/387 भादावि एवं 17 सीएलए एक्ट दर्ज की गई थी।जिसका प्राथमिकी बिनोद यादव उर्फ़ अभय जी पिता नागदेव यादव, ग्राम हिंदिया थाना तरहस्सी जिला पलामू, वर्तमान पता ग्राम कठोतिया थाना चतरा जिला चतरा को गिरफतार किया है। इस कांड के दो अभियुक्त अमलेश यादव व इन्द्रदेव गंझु को पुर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। छापामारी दल में बारियातु थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, बालुमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार बारियातु थाना से पुअनि रितेश तिग्गा, पुअनि निर्मल कुमार मंडल, सुरेश कुमार सिंह, सअनि छोटु पांडा, अमरवाडिह पिकेट के पुअनि अनुभव सिन्हा वहीं, बालुमाथ थाना के पुअनि गौतम कुमार, पुअनि होसेन डांग, व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024| पेज 8

कोल कंपनियों के प्रदूषण के प्रकोप से बड़ी आबादी त्रस्त, ट्रांसपोर्टिंग के दौरान उड़ते धूलकण से हवा में फैल रहा जहर

प्रदूषण के कारण जोरदाग में तालाब में फैल रहा धूलकण का जहर, पानी हुआ दूषित, मर रही है मछलियां

रोहित गोस्वामी @ प्रभात मंत्र

केरेडारी : एनटीपीसी के केरेडारी व चट्टीबरियातू कोयला खनन परियोजना से ग्रामीण सड़क से हो रहे कोयले की ढुलाई से जोरदाग पगार पेटो बुकरु टंडवा , गांव में प्रदूषण के प्रकोप से बड़ी आबादी त्रस्त दिख रहे हैं।एक और ट्रांसपोर्टिंग के दौरान उड़ते धूलकण से ग्रामीण परेशान हैं तो दुशरी और प्रत्येक दिन हो रही सड़क दुर्घटना से काली सड़क को लाल किया जा रहा है।वहीं हवा में उड़ते धूलकण मानव के शरीर मे जहर फैल रहा है।कोयले की ट्रांसपोर्टिंग से उड़ती धूल कण से एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से भारी वाहनों हाइवा से आम जनता के आवागमन के लिए बनी सड़क से हो रही कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की वजह से उड़ते धूल कण से क्षेत्र की आवोहवा को मानो नजर लग गई है। एक और जहाँ निर्दोष लोग जान गवां रहे हैं वहीँ दूसरी ओर प्रदूषण की वजह से गंभीर बिमारियों के शिकार भी हो रहे हैं। ट्रांसपोर्टिंग के दौरान कोयले की उड़ती धूल की वजह से जोरदाग गाँव में तालाब का पानी दूषित हो चूका है व जलीय जीवों का जीवन संकट में आ गया है जबकि जोरदाग रोड में धान की फसलों में भी कोयले के धूल की मोटी परत जम गई है।

निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मी 19 नवंबर को डिस्पैच सेंटर, संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में पोस्टल बैलेट के माध्यम से करेंगे मतदान

- सुविधा केंद्र में निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अंतर जिला के पुलिस मतदाता भी करेंगे मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त का कार्यालय हजारीबाग के पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग हजारीबाग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एवं 24- मांडू के सभी अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए आदेश जारी किया गया है कि वैसे सरकारी कर्मी जो द्वितीय चरण में दिनांक 20.11.2024 को होने वाले मतदान से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता हैं तथा निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु अपने मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान करने में सक्षम नहीं है तथा पूर्व से कार्यरत सुविधा केंद्र में किसी कारणवश मतदान का कार्य नहीं कर पाये है, उन छुटे हुए मतदाताओं के लिए डिस्पैच सेंटर, संत कोलंबस कॉलेज हज़ारीबाग के जियोलॉजी डिपार्टमेंट में सुविधा केंद्र बनाया गया है। संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के जियोलॉजी डिपार्मेंट में बनाए गए सुविधा केंद्र में दिनांक 19.11.2024 को पूर्वाहन 8ः00 से अपराह्न 3ः00 तक निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर दंडाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, पुलिस पदाधिकारी, चालक, उपचालक, निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अंतर जिला के पुलिस मतदाता आदि जिनका मतदान द्वितीय चरण के अंतर्गत आता है, वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करेंगे। उक्त सुविधा केंद्र में संथाल परगना प्रमंडल के मतदाता, 61-सिल्ली, 62-खिजरी, 23- रामगढ़, 24-मांडू, 28-धनवार, 29-बगोदर, 30-जमुआ, 31-गांडेय, 32-गिरिडीह, 33-डुमरी, 34-गोमिया, 35-बेरमो, 36-बोकारो, 37-चंदनकियारी, 38- सिंदरी, 39-निरसा, 40-धनबाद, 41-झरिया, 42-टुंडी, 43-बागमारा कुल 38 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता मतदान करना सुनिश्चित करेंगे।

विष्णुगढ़ में अर्धसैनिक बलों की भारी सँख्या में की जा चुकी है तैनाती : बैजनाथ प्रसाद

- विष्णुगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी,आज से थमेगा चुनावी प्रचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : झारखण्ड प्रदेश में दूसरे चरण के तहत माण्डू विधानसभा अन्तर्गत विष्णुगढ़ प्रखण्ड में चुनाव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए दो दिन पूर्व हीं भारी सँख्या में अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ी आ चुकी है। उनकी तैनाती बूथो में तथा संवेदनशील जगहों पर की जा चुकी है। विष्णुगढ़ गोमियाँ मार्ग पर भी अर्धसैनिक बल तैनात किए जा चुके है। सभी अर्धसैनिक बलों द्वारा रुट सैनेटाइजेशन तथा फ्लैग मार्च की कार्यवाई की जा रही है। अर्धसैनिक बल प्रतिनियुक्त की गई बूथो पर सभी बल अपने-अपने बूथो का निरीक्षण कार्य लगभग पूरा कर चुके है। वहीं कार्यवाई के तहत बी.एन.एस की धारा 126,127 एवं बॉन्ड डाउन की कार्यवाही की जा चुकी है।साथ हीं कहा कि किसी भी व्यक्ति या आसामाजिक तत्वों के द्वारा चुनाव में व्यवधान उत्पन्न की जाती है तो व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी । चुनाव में धनबल का तथा किसी भी प्रकार की अन्य गतिविधि ना हो इसको लेकर लगातार दो मुख्य मार्गो विष्णुगढ़-बागोदर मार्ग एन0एच0-522 तथा विष्णुगढ़ - गोमियाँ मार्ग पर आचार संहिता लगने के बाद से हीं 24म7 लगातार सघन तालाशी अभियान जारी है ।

अटल विचार मंच के सक्रिय सदस्य के पुत्र को दी गई श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन में अटल विचार मंच के सक्रिय सदस्य शंभू मालाकार के 14 वर्षीय पुत्र अमिताभ का प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया। इस मौके पर सामाजिक व पत्रकार बंधु एवं उनके परिवारजन उपस्थित हुए। मौजूद लोगों ने दिवंगत के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और एक मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। दिवंगत के पिता शंभू मालाकर ने बताया कि पिछले वर्ष मेरा इकलौता पुत्र का सड़क दुर्घटना में अनहोनी घटना घट गई, जिससे मैं काफी हताश हो गया हूं। मेरा पांच पुत्रियां हैं, मै सामाजिक कार्यों का निर्वहन करते हुए अपने दायित्व को पूरा कर रहा हूं। उपस्थित लोगों ने ढांढस दिया और सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर अटल विचार मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद विश्वकर्मा,सक्रिय सदस्य राजेंद्र स्वर्णकार, केपी शर्मा, विजय मालाकार, प्रदीप मालाकार, गुड्डू मालाकार, दीपक जायसवाल, दिवंगत की मां गुड़िया देवी, सोनम देवी, अमित मालाकार, प्रियंका नितिशा, ईशा,अन्नपूर्णा, मुकेश मालाकार और अनुज मालाकार सहित उनके परिवार के लोग उपस्थित हुए।

द्वितीय चरण के मतदान के लिये तैयारियां अंतिम चरण में

उप विकास आयुक्त ने सामग्री वितरण एवं ईवीएम वितरण स्थल का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : विधानसभा चुनाव 2024 के तहत द्वितीय चरण के मतदान को लेकर उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद के द्वारा संत कोलंबस कॉलेज में सामग्री ,ईवीएम, नियुक्ति पत्र वितरण स्थल का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने सामग्रियों की उपलब्धता के अलावा विधानसभा के निर्धारित मतदान दलों को सामग्री की आपूर्ति को लेकर कोषांग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सामग्री कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की सामग्री का चुनाव के दौरान अभाव नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए पर्याप्त साइन साइनेज लगाने का निर्देश दिए ताकि सामग्री व ईवीएम के लिए सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने ईवीएम वितरण स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके सामग्री कोषांग के नोडल श्री पंकज तिवारी मौजूद थे। गौरतलब है कि 20 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान होने है।

जगत कल्याण की कामना को लेकर विश्व शांति महायज्ञ का हुआ शुभारम्भ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : विशुद्ध सागर के शिष्य सुयश सागर एवं श्रेय सागर के सानिध्य में विश्व शांति तथा जगत कल्याण की कामना को लेकर आज से विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन जैन मध्य विद्यालय के नव निर्मित हॉल में शुरू हुआ। दिनांक 17/11/24 से 25/11/24 तक चलने वाले कार्यक्रम के संचालन हेतु विधानाचार्य सुनील शास्त्री, छिंदवाड़ा से तथा विधान को और भी रोचक तथा संगीतमय बनाने हेतु संगीतकार, विवेक जैन पथरिया से पधारें हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में आज प्रातः 8 बजे भव्य घट यात्रा निकाली गई गाजे बाजे के साथ निकली गई इस घट यात्रा में सबसे आगे श्री जी को पालकी में लेकर केसरिया धोती दुपट्टे पहने पुजारी उसके बाद मुनि श्री और छुल्लक जी के साथ काफी संख्या में भक्तगण चल रहें थे। जैन पाठशाला के बच्चों ने भी काफी संख्या में शामिल होकर इस घट यात्रा कार्यक्रम का धर्म लाभ लिया। घट यात्रा में काफी संख्या में समाज की महिलाएं माथे पर कलश लिए केसरिया परिधानों में एक साथ कतारबद्ध होकर चल रही थी घट यात्रा देखने में काफी मनमोहक प्रतीत हो रहा था। घट यात्रा बड़ा बाजार जैन मंदिर से बॉडम बाजार जैन मंदिर होते हुए जैन मध्य विद्यालय, कुम्हार टोली पहुंची।प्रातः 8ः30 बजे धीरेंद्र सेठी, सुशीला, राजेश, राजीव सेठी परिवार के द्वारा पांडाल का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात मुनिश्री का प्रवचन हुआ। 9ः15 बजे झंडारोहण समस्त अजमेरा परिवार के द्वारा किया गया। उसके बाद 9ः30 बजे श्रीजी का अभिषेक व प्रवचन मुनि श्री के द्वारा कराया गया। उसके बाद सिद्ध चक्र विधान मंडल में शामिल होने वाले परिवारों की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन विधानाचार्य सुनील शास्त्री के द्वारा किया गया। आचार्य भक्ति एवं आरती संध्या 7ः00 बजे बॉडम बाजार के जैन मध्य विद्यालय, प्रमाण सागर मार्ग, कुम्हार टोली में किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रामगढ़
रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024 | पेज 9

रामगढ़ करेगा वोट, 20 नवंबर के नारे से गूंज उठा शहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में रविवार को जिला प्रशासन द्वारा 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन में शहरी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला के शनिचरा बाजार से होते हुए सुभाष चौक तक मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार का छाव नृत्य से एवं मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा ढोल मांदर बजाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिद्धू कहूं स्टेडियम से करतार बद्ध होकर जिले के पदाधिकारियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं छाव नृत्य, मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के माध्यम से जिले के मुख्य मार्ग शनिचरा है से होते हुए सुभाष चौक तक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूकता संदेश दी गई रैली सुभाष चौक पहुंची जहां सभा का आयोजन कर लोगों को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित जिले के अन्य वारिया पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली के दौरान निर्वाचन तिथि 20 नवंबर रामगढ़ विधानसभा चुनाव अंकित तख्ती को रंग-बिरंगे गुब्बारे के साथ आसमान में छोड़कर मतदाताओं को स्वच्छ व निष्पक्ष रूप से आगामी 20 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच आगामी विधानसभा निर्वाचन 20 नवंबर रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मतदान तिथि अंकित मतदाता जागरूकता आमंत्रण कार्ड देकर मतदाताओं को मतदान करने का अपील भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मतदाताओं ने 20 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, पंचायती राज्य पदाधिकारी निशा कुमारी, स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो, पुलिस उपाधीक्षक पतरातु, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,सभी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

गोला में बसपा प्रत्याशी बिनू कुमार महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : बहुजन समाज पार्टी के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के हेमंतपुर, धमनाटांड, छोटकी सोसो, सोसोकला, मगनपुर, रोला, चोकाद, डुडीगाच्छी, सहित अन्य गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया, जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने उनके समक्ष बहुत सारे समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या है, रामगढ़ जिलें में प्रदूषण की अंबार लगी हुई और तो और रामगढ़ में एक भी सरकारी अच्छा अस्पताल नहीं है ना ही कोई अच्छा सरकारी स्कूल है ,सरकारी योजनाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने

कहा कि लोगों को सरकारी कार्य में काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बिचौलिया पूरी तरह से हावी हो गया हैं, बिना बिचौलिया पकड़े किसी भी तरह का कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि 20 साल से आजसू व 5 साल से कांग्रेस झामुमो की सरकार ने रामगढ़ की जनता को ठगने का काम किया है,जनता इस बार जात पात से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर वोट करेगी।बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा कि लोगों को आश्वासन दिया की उनके समक्ष रखे समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के दौरान बिनू कुमार महतो युवा टाइगर को जनता का आशीर्वाद और जनसमर्थन मिला रहा। बिनू ने लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। और कहा कि हम राष्ट्रीय पार्टी से चुनाव लड़ें रहे और चुनाव चिन्ह हाथी छाप है और क्रमांक संख्या -1 है।

वरिष्ठ कांग्रेसी जनों के द्वारा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी के पक्ष में किया प्रचार प्रसार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : वरिष्ठ कांग्रेसी जनों के द्वारा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी के पक्ष में प्रचार प्रसार किया गया एवं हैंड बिल बांटा गया वार्ड नंबर 01 के रांची रोड सब्जी मंडी, जिम खाना क्लब, हीरक नगर, गोपी नगर में चुनाव प्रचार किया गया जिसमें मुख्य रूप से मनरेगा सेल अध्यक्ष यमुना प्रसाद सांव, वरिष्ठ नेता के डी मिश्रा, जगतपाल प्रसाद,विजय मिश्रा, नंदकिशोर बेदिया, राजू वर्मा, गुप्तेश्वर मिश्र, विनोद प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, रमेश प्रसाद ,विशेश्वर प्रसाद, संतोष प्रसाद सहीत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

सीपीआईएम बिंझार शाखा की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : सीपीआई (एम) बिंझार शाखा की एक बैठक अरगडा में जिला सचिव कॉम्रेड आर पी सिंह चंदेल कि अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सीपीएम रामगढ़ जिला सम्मेलन की तैयारी पर व्यापक चर्चा की गई। जो दिसंबर माह में आयोजित किया जाना है। मौजूदा रामगढ़ एवं मांडू विधानसभा चुनाव में वाम जनवादी महागठबंधन के उम्मीदवार ममता देवी और जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में सीपीएम मतदान करेगी और आम जनता से भी उन्हें विजयी बनाने की अपील करते हुए व्यापक पहल करेगी। साथ ही सीपीएम रामगढ़ जिला सचिव ने अपने पार्टी से जुड़े सदस्यों कॉम्रेड लालमोहन मुंडा, करमचंद उरांव, दिगम्बर रजक एवं राजू विश्वकर्मा का स्वागत करते हुए पार्टी संविधान के विविध पहलुओं को समझाया। बैठक में सम्मेलन एवं चुनाव के अतिरिक्त क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं के निराकरण के उपायों पर चर्चा हुई। जिसके समाधान हेतु सीपीएम दृढ़ संकल्पित है और सदैव रहेगा। उपस्थित साथियों में प्रखंड सचिव कॉम्रेड नाज़मा खातून, पवन कुमार पासवान, दिगम्बर रजक, करमचंद उरांव, लालमोहन मुंडा एवं राजू विश्वकर्मा रहे।

स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु। रविवार को चन्दन कुमार, (भा0प्र0 से0), उपायुक्त, रामगढ़ एवं श्री अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा 23 रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में दिनांक-20.11.2024 को होने वाले मतदान के दिन मतदाता प्रतिशत में वृद्धि एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन सिद्धू कान्हू स्टेडियम बाजार टांड, रामगढ़ से लोहार टोली होते हुए सुभाष चौक, रामगढ़ तक किया गया। इस कार्यक्रम में मतदाताओं को जगरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मतदाताओं को मतदान

करने के लिए आमंत्रण पत्र देकर मतदान करने हेतु अपील किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रामगढ़, अंचल अधिकारी, रामगढ़, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़, यातायाता प्रभारी, रामगढ़, थाना प्रभारी, महिला थाना, रामगढ़ उपस्थित रहें।

राधा गोविंद शिक्षा स्वस्थ ट्रस्ट के सचिव ने सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं को साड़ी वितरण कर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : शनिवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा एवं झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर राधा गोविंद शिक्षा स्वस्थ ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने ललकी घाटी एवं गड़के के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं को साड़ी वितरण और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। सभी गरीब ग्रामीण महिलाएं साड़ी पाकर खुशी से झूम उठी।सचिव ने सभी ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से पिछले कई वर्षों से संस्था ने साड़ी देकर सम्मानित किया है और उन्होंने महिला की समस्या और उनके विकास पर बाते रखी।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सचिव एवं ग्रामीण महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं दिए और कहा की संस्था ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर हमेशा सहयोग किया है।मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ,वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार एवं सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

धार्मिक स्थल का परिभ्रमण कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस हुई दुर्घटना ग्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला(रामगढ़) : रामगढ़ जिले के गोला मुरी/मार्ग में यात्रियों से भरी बस पलट गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान लेवाडीह निवासी सोनाली टुडू के रूप में हुई। वहीं, बस में सवार 24 से अधिक लोग घायल हुए। पाँच यात्रियों की हालत गंभीर है। दुर्घटना की सूचना पर बरलंगा पुलिस घटनास्थल पर पहुची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुँचाया। जानकारी के अनुसार लोगों से भरी बस आदिवासियों के धार्मिक स्थल रजरप्पा के लुगुबुरू से पूर्वी सिंहभूम लौट रही थी। इस दौरान बस गोला के बरलंगा थाना क्षेत्र के रम्हारु में पलट गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे, जिसमें एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि

बस दुर्घटना की सूचना मिली थी: घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि सड़क किनारे बस पलटी पड़ी है। यात्री बस में फंसे हुए थे। किसी तरह सभी को बस से निकाला गया। इसके बाद एम्बुलेंस बुलाकर गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024 | पेज 10

गिरिडीह में हेमंत सोरेन ने किया चुनावी सभा, पार्टी प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू के पक्ष में मांगा वोट

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू के समर्थन में बोड़ो स्थित हवाई अड्डा के पास चुनावी सभा को संबोधित किया।वही उन्होंने पार्टी प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का ठान लिया है।उन्होंने कहा कि पहले चरण

के मतदान में हमें दो तिहाई सीट मिलने जा रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव के बाद विस्थापन नीति के तहत75ःस्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा।सीएम ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए वाले घुसपैठियों की बात करते हैं, हिन्दू , मुस्लिम की बात करते हैं।मौके पर उपस्थित राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद , जिला अध्यक्ष संजय सिंह, प्रणव वर्मा, सतीश केडिया , अभय सिंह, गोपाल शर्मा समेत सेकड़ो लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रवाद और विकास के लिये एक ही पार्टी : भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया : गरीब -गुरबों, दलित पिछड़ो, शोषितों और न्याय के लिए 40 वर्षों से सरिया पूर्वी की आवाज जगदीश महतो ने माले छोड़ भाजपा का दामन केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के उपस्थिति में भाजपा में सदस्यता ग्रहण किया और कहा की माले अपनी विचार धारा और अपनी उदेश्य से भटक चुकी है गरीबों के लिए संघर्ष करने वाली पार्टी वर्तमान समय में गरीबों का शोषक बन गई है । चारो और भय और भ्रष्टाचार फैली हुई है । माले तुस्टीकरण की नीति करती है । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री से प्रभावित होकर और प्रमुख रामपति प्रसाद, के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन किया । अब भाजपा में ऊर्जा लगाकर झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनाऊंगा भाजपा की लहर चारों और फैली हुई है !सरकार निश्चित बनेगी । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, जिप सदस्य अनूप पाण्डेय,पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष पवन पाण्डेय, महामंत्री रामदेव ठाकुर, उमेश वर्मा, टिंकू साव, सोमर घटवार, सरयू विश्वकर्मा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के पक्ष में हुई चुनावी चर्चा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, भाजपा नेता अमरेश सिंह, समाजसेवी दिलीप सिंह ने स्टील गेट, बिग बाजार, कोयला भवन, सब्जी पट्टी इलाके में धनबाद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के पक्ष में चुनावी चर्चा किया और साथ ही घर-घर जाकर मतदाताओं को पर्चा देकर कमल छाप पर वोट करने का अपील किया। उदय प्रताप सिंह ने संदेश दिया कि पहले मतदान फिर जलपान। लोकतंत्र के द्वितीय चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें क्योंकि आपके एक मत की ताकत से सशक्त समृद्ध और शक्तिशाली राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। आप सभी से अपील है कि विकसित झारखंड की कल्पना को साकार करने के लिए भाजपा सरकार को चुने।

जेपी नड्डा का हवाई पट्टी पर श्रवण व अमरेश ने किया स्वागत

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी तारा देवी के प्रचार के लिए धनबाद पहुंचे। जहां बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जेपी नड्डा ने अमरेश सिंह और श्रवण राय को झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती की शुभकामनाएं दी। अमरेश सिंह ने कहा कि द्वितीय चरण के चुनाव प्रचार के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झारखंड का भ्रमण कर रहे हैं। धनबाद के सारे छह विधानसभा के भाजपा प्रत्यासी विजयी होंगे व साथ ही झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। बरवा अड्डा हवाई पट्टी से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों नेताओं के साथ निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

विगत 36 वर्षों से मेरा जीवन जनता की सेवा में समर्पित : कुमार कौशल

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को धनबाद विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े कुमार कौशल को पत्राकुली, लाला टोला के धर्मेंद्र लाल ने माला पहना कर स्वागत किया। कुमार कौशल ने कहा लाहबानी व लहरगोड़ा में माता, बहनों व भाइयों का आशीर्वाद मिला। धैया स्थित खटाल के राम अयोध्या यादव, पप्पू यादव, मनोज यादव का पूर्ण समर्थन मिला। आगे कुमार कौशल ने कहा विगत 36 वर्षों से जनसेवा में लगा हूं और भविष्य में भी मेरा पूर्ण जीवन जनता की सेवा सत्कार के लिए समर्पित रहेगा। ओबीसी, एससी, एसटी, माइनॉरिटी, जनजागरण मोर्चा के गोपाल यादव, विजय जयसवाल, पटेल सेवा संघ के उपाध्यक्ष जय हिंद भगत, कलवार पटेल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक दामोदर प्रसाद त्रिलोकी विश्वकर्मा, सुधाकर प्रसाद ने कुमार कौशल को क्रमांक संख्या 12, चुनाव चिन्ह चारपाई छाप पर वोट देने की अपील की।

इंदु व आशनी ने पूर्णिमा के पक्ष में वोट करने की किया अपील

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को झरिया विधानसभा के अंतर्गत जामाडोबा 2 नंबर भाग स्टेशन जियलगोड़ा स्टेशन, वाटर बोर्ड डिगवाडीह समेत विभिन्न क्षेत्रों का डोर टू डोर दौरा पूर्व महापौर धनबाद सह राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की अध्यक्ष इंदु देवी एवं संघ की महामंत्री आशनी सिंह ने किया और सभी से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील कर सभी से आशीर्वाद मांगा। इंदू सिंह एवं अश्वनी सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि झरिया का विगत पांच वर्षो में बहुत सारी समस्याओं का निराकरण व विकास हुआ है और जो बाकि विकास कार्य जो बचे हुए हैं वह अगले 5 वर्षो में नीरज पूर्णिमा सिंह के द्वारा पूर्ण किया जाएगा।

देर रात जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : विधानसभा चुनाव 2024 की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। इसी कड़ी में देर रात जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम के जरिए स्ज्ञह्य में वेबकास्टिंग व सी विजिल का रिकॉर्ड देखा गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कंट्रोल रूम में अधिष्ठापित सभी सीसीटीवी कैमरों से शहर के कोने-कोने का जायजा लिया। वहीं कंट्रोल रूम में रोस्टर ड्यूटी के अनुरूप प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस बल की उपस्थिति पंजी का

अवलोकन किया। मौके पर मौजूद दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सजगता और चौकसी के साथ हमेशा की तरह कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन पूरी टीम सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। जिससे मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने पाए। इसके अलावा कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाए, किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को इसकी जानकारी भी देंगे।

भाटडीह में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में हुआ सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : बाघमारा विधान सभा अंतर्गत भाटडीह कोलियरी चौक में एनडीए के भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो के पक्ष में धनबाद सांसद ढुलू महतो ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बाघमारा का विधायक रहते हुए मैंने बहुत सारा विकास कार्य किया और आपके बीच आपकी सेवा में बराबर बाघमारा के भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो रहे है। कांग्रेस के प्रत्याशी ने कभी जनता का हाल चाल नहीं पूछा और चुनाव में खड़े हो गया। मैं आपसे कहना चाहूंगा कि 20 तारीख को 2

नंबर पर कमल छाप पर बटन दबा कर शत्रुघ्न महतो को विजय बनकर विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाए। मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष शेखर सिंह, तेतुलिया पंचायत 2 की मुखिया गुड़िया देवी, पूर्व मुखिया शिशिर गयाली, आदर मिश्रा, संपद घोषाल, हराधन गयाली, राम हजारी, जनार्दन महतो, अजित गयाली,अभिमुनीय देशवाली , विष्णु महतो, आदि सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित हुए।

बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र और चेकनाका का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : सामान्य प्रेक्षक 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के डा0 हर्षित पीश गोस्वामी आईएएस के द्वारा 43- बाघमारा विधानसभा के अन्तर्गत अवस्थित विभिन्न मतदान केंद्र और अंतर जिला बोकारो धनबाद के सीमा तेलमोचो दामोदर नदी पुल के समीप लगायें गये चेकनाका का निरीक्षण किया एवं चेकनाका में स्टेटिक मैजिस्ट्रेट को जाँच का कई दिशा निर्देशित किये । निरीक्षण के दौरान बाघमारा विधानसभा के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव मौजूद थे ।

मुनिडीह में महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु किया गया बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनिडीह चुनाव कार्यालय पर कांग्रेस नेत्री सह राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन की राष्ट्रीय महिला सचिव संगीता तिवारी की अध्यक्षता में बैठक कर कोयलांचल के बेरमो,बाघमारा, सिंदरी, झरिया, चंदनक्यारी निरसा एवं धनबाद के सभी विधानसभा सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी विधानसभा प्रत्याशियों को अपने-अपने क्षेत्र से

ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने का प्रयास किया जाए इसके लिए सभी महागठबंधन से संबंधित और समर्पित यूनियन अपने-अपने पदाधिकारीयों को निर्देश देने को कहा कि कोयला क्षेत्र के सभी श्रमिक इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करें कोयले का राष्ट्रीयकरण कांग्रेस का देन है आज की स्थिति सबके सामने है कोयला मजदूरों को क्या सुविधा मिल रही है और कितनी सुविधाएं काट दी गई है आने वाले समय में हमारे बच्चों का भविष्य क्या होगा इसको देखते हुए मजदूरों को सही जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने का कोशिश करें । बैठक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के विद्यासागर राय,बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के पी एन तिवारी, विकास कुमार ,उषा यादव, रीमा तिवारी, सुमित्रा देवी, सूचिन सिंह, सुब्रमण्यम तिवारी सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के पाश्चात्य पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह के कॉलोनी और श्रमिकों के आवासों में घूम-घूम कर कांग्रेस नेत्री संगीता तिवारी द्वारा धनबाद विधानसभा में डोर टू डोर महागठबंधन प्रत्याशी सह कांग्रेस उम्मीदवार अजय कुमार दुबे का चुनाव प्रचार किया गया। इनके साथ उषा देवी, सुमित्रा देवी, अनीता सिंह, सुधा पांडे, रीमा तिवारी का सहयोग प्राप्त हुआ।

मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर मंडल कारा धनबाद में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि आज जेल अदालत में अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे एक्ट के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार की उपस्थिति में मंडल कारा पाल के द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित कुल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के

समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें चार बंदी मो ईस्लाम, बडका महतो, रंजीत मांझी, सागर चौहान को जेल अदालत से रिहा किया गया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी ने बंदीयों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, जेल डॉक्टर राजीव कुमार, जेल सहायक एम के गुप्ता, डालसा सहायक, अरूण कुमार, राजेश सिंह, चंदन कुमार, पीएलवी उज्जवल कुमार, शिबू समेत अन्य उपस्थित थे।

डिस्पैच सेंटर से ईवीएम जमा होने तक, पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे सेक्टर पदाधिकारी : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए रविवार को न्यू टाउन हॉल में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर से लेकर, मतदान संपन्न होने के बाद, काउंटिंग सेंटर में ईवीएम जमा होने तक, पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे। किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पार्टी बिना संरक्षण की नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी 19 नवंबर को सुबह 5ः00 बजे अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर में रिपोर्टिंग करेंगे। वहां से ईवीएम तथा अन्य सामग्री लेकर पोलिंग पार्टी को बूथों तक पहुंचाएंगे। जबकि रिजर्व ईवीएम इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में रखेंगे।सेक्टर पदाधिकारी अपने पास कंट्रोल रूम, निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, संबंधित थाना के फोन नंबर भी रखेंगे। मतदान के दिन लगातार अपने-अपने बूथों का भ्रमण करते रहेंगे। बूथ में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि मतदान को शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न करना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी पदाधिकारी तत्परता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 5ः30 बजे मॉक पोल कराना तथा सुबह 7ः00 बजे से वोटिंग शुरू कराना सुनिश्चित करें।किसी मतदान केंद्र में ईवीएम में तकनिकी गड़बड़ी उत्पन्न होने पर तुरंत उसे रिप्लेस करें। रिप्लेसमेंट की रिपोर्ट निर्वाची पदाधिकारी को दें। साथ ही ईवीएम का नंबर कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित कराने, कतार मैनेजमेंट, मतदान केंद्रों में मतदान की गोपनीय बरतने, हर दो घंटे के अंतराल में मतदान प्रतिशत की सूचना देने, मोबाइल फोन लेकर किसी को बूथ में प्रवेश नहीं करने देने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी एवं असम के सांसद गौरव पहुंचे धनबाद, भाजपा पर साधा निशाना

इंडिया महागठबंधन के पक्ष मे जनता से की वोट करने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरीया : जेलगोड़ा मानस मंदिर मैदान पर इंडिया गठबंधन के द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें झरिया से कॉग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह को जिताने का शंकल्प लिया गया मुख्य अतिथि के रूप मे बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा है की भाजपा में नेताओं की कमी है, सिर्फ डीलर बचे हुए हैं। उन्होंने कहा है की इंडिया गठबंधन एक ओर कलम, नौकरी बांट रही तो भाजपा वाले दूसरी ओर तलवार बाट कर भाई भाई, मुस्लिम हिन्दू एकता को खत्म करने में लगे हुए हैं। उन्होंने भाजपा से सवालिया लब्जे में कहा है की देश में हिन्दू प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रपति

सहित तीनो सेना प्रमुख हिन्दू हैं तो कहा हिन्दू खतरे में है। उन्होंने कहा है की यूपीए सरकार जब थी तो 60 रुपये पेट्रोल, 400 रुपये सिलेंडर मिलता था, तब भाजपा नेताओं को महंगा लगता था। अब 1200 रुपये सिलेंडर एवम 100 रुपये पेट्रोल हैं तो सस्ता लगता है। पहले मंहगाई मोदी को डायन लगती थीं, अब महबूबा लगती है। भाजपा वाले झूठ बोलते है। 2 करोड़ नैकरी, 15 लाख रुपये का वादा झूठ साबित हुआ है। उन्होंने भोजपुरी में भी भाषण देकर पूर्णिमा नीरज सिंह को जिताने की अपील किया है।वहीं असम कांग्रेस के सांसद गौरव गोगई ने कहा की कांग्रेस हाई कमान के आदेश पर यहां आये हैं। उन्होंने कहा है की असम के मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे है। पूरे असम में आदिवासियों की जमीन पूजीपतियों को दे दिया है, अब झरखंड में आदिवासियों की जमीन बचाने निकले हैं। उन्होंने कहा है की भाजपा नेताओं को यह चिंता नहीं है की मणिपुर जल रहा है, प्रदेश को बचाया जाए।कार्यक्रम में सम्बोधित करने वालों में असम के सांसद गौरव गोगई, स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता, झरिया प्रत्यासी पूर्णिमा नीरज सिंह, रशीद रजा अंसारी, मुख्तार खान, भगीरथ पासवान, तारकेश्वर यादव, लखी सोरेन, बिनोद पासवान, गणेश यादव, अभिषेक सिंह, हर्ष सिंह, आशनी सिंह, रामबाबू यादव, संजय यादव, मिथिलेश पासवान, राज आनंद, सुंदर महतो, बिंदा पासवान, चंददेव यादव, राजू यादव, नवल पासवान आदि रहे। वहीं मौके पर हज़ारों की संख्या मे लोग उपस्थित थे।

पूर्वी टुण्डी प्रखंड के डोरवाडीह गांव में पी डी एस दुकान संचालक की मनमानी, कार्डधारियों को राशन की आपूर्ति में दिक्कतें

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : पूर्वी टुण्डी प्रखंड के डोरवाडीह गांव स्थित पी डी एस दुकान जिसका अनुज्ञप्ति संख्या 1/ञह्यष्ठ /2001 संचालक जगदीश रजक द्वारा इन दिनों अपने कार्डधारियों को राशन की आपूर्ति करने में मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त समाचार के अनुसार डोरवाडीह पी डी एस संचालक अपने आपको सत्ताधारी पार्टी के किसी बड़े नेता का धोंस कार्डधारियों को दिखाया जाता है आज़ क़रीब सप्ताह भर से बोर्ड में अंकित समय सारिणी के अनुसार दुकान नहीं खुलने से सभी कार्डधारी परेशान हैं अच्छी-खासी दूरी तय कर उपभोक्ता आते हैं पर दुकान से राशन नहीं मिल रहा है और बैरंग वापस लौटने पर मजबूर हो जाते हैं। मजेदार बात तो यह है कि दुकान

खोलकर अधिकतर समय गायब रहते हैं। सभी कार्डधारियों ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग उपायुक्त धनबाद से किया है। बहुत जल्द पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल उपरोक्त पी डी एस संचालक की मनमानी के खिलाफ समाहरणालय धनबाद में आयोजित होने वाला जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराने की बात सभी कार्डधारियों ने कही।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024| पेज 11

सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 127 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप,शुगर,बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही किया जा रहा है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है, और कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं रहने से छोटी बीमारीया भी बड़ा रूप ले लेती है, लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और लोगों को भी जागरूक करें। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी व शिक्षिका अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। और कहा की राहुल राय भी स्वास्थ्य की जांच करने में अपना सहयोग दे रहे हैं। आज शिविर में डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, अनामिका भारती, सुबोध महतो, अजय पोद्दार, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, दिनेश मिस्त्री, हृदय देवी, संगीता देवी, संजय कुमार, राजेंद्र वर्मा, शर्मिला देवी, लालू साहू, रेखा देवी, कृष्ण प्रसाद, अमित कुमार, रवि अग्रवाल रामप्रसाद कास्यंकार, उदय कशेरा, अफरोज आलम, अनिल मोदी, प्रदीप खत्री, सरिता देवी, सरोज प्रजापति, अभिमन्यु प्रसाद,अमित कुमार, बृजेश कुमार, राहुल राय आदि थे।

उपायुक्त एवं एसपी सिमडेगा ने मतगणना केंद्र एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, 71- कोलेबिरा आर0ओ0 -सह- अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार, 70- सिमडेगा आर0ओ0 -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए मतगणना केंद्र एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। तथा उन्होंने मतगणना से संबंधित की जा रही तैयारियां के संबंध में उपस्थित पदाधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण कर लेने की बात कहीं। काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों के लिए टेबल लगाने सहित अन्य कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मौके पर कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण श्री अमृत मिंज एवं अन्य उपस्थित थे।

लोहरदगा में 19 नवंबर को सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर का कार्यक्रम

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले में पहली बार 19 नवंबर मंगलवार की रात प्रसिद्ध भजन सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।छठ पूजा जागरण समिति के बैनर तले शहर के बीच स्थित ललित नारायण स्टेडियम में कार्यक्रम होगा। आयोजन को भव्य रूप दिए जाने को लेकर समिति तैयारियों में जुटी है।बताते चलें की मईया पांव पैजनिया एल्बम के अपार सफलता के बाद शहनाज अख्तर को लगता एक नया मुकाम मिलता गया। वही कार्यक्रम को लेकर आयोजन को लोहरदगा के लिए एक यादगार पल बताया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष तुषार आरव,सचिव दीपक कुमार साहू और कोषाध्यक्ष यशस्वी ओझा ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी धार्मिक समितियों,प्रबुद्ध लोगों से सहयोग को लेकर मुलाकात भी की जा रही है। इसके अलावा अन्य कलाकारों को आमंत्रित किए जाने को लेकर योजना बनाई जा रही है।वही कई लोगो ने आयोजन समिति सदस्यों द्वारा स्टेडियम में चल रहे कार्यो का जायजा लिया गया। वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर संबंधित कारीगरों को दिशा निर्देश भी दिए गए है। आयोजन को सफल बनाने में श्रेयांश सिद्धार्थ, प्रियांशु कुमार, आर्यमन गुप्ता, अभिनाश कुमार, नवनीत निश्चल, सूरज कुमार, नीरज साहू, निश्चय कुमार, निशु चौधरी, मनोज प्रसाद, रक्षित, हिमजल, सौरव, हर्षित बंका, हर्षित राइ, अनिकेत साहू, अमृत अनुभव कृष, हर्ष, हिमांशु, निशु कुमार, पीयूष पांडे, गौरव वर्मा, कुणाल राज, अंकित राज, निखिल राज, नित्या राज सहित अन्य लोग जुटे है।

विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर गुना भाग शुरू, सभी पार्टी कर रहे है अपनी जीत का दावा

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले भर में विधानसभा का पहले चरण का चुनाव संपन्न होने के साथ ही चौक चौराहों पर लोहरदगा और विशुनपुर विस के सभी दल के नेता कार्यकर्ता अपनी अपनी सुनिश्चित जीत का दावा कर रहे हैं। चौक-चौराहों पर हार जीत को लेकर लोगों में तीखी बहस भी देखी जा रही है। किसी ने कहा मुकाबला एकतरफा है, तो कोई कहता है इसबार का मुकाबला कांटे का है। सभी हार-जीत के अंक गणित बैठाने में जुटे हैं। प्रत्याशी भी अपने कार्यकताओं से विधानसभा क्षेत्र अंतगर्त सभी बूथों का लेखा-जोखा लेकर अपनी अपनी जीत का अंक गणित जोड़ रहे हैं।बता दे की लोहरदगा विधानसभा में 76.06त्न और विशुनपुर में शांतिपूर्ण 76.76त्न प्रतिशत मतदान हुआ है जिसके बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। ज्ञात हो कि दोनों विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है।अब इंतजार 23 नवम्बर को चुनाव परिणाम का होना है।सभी राजनीतिक दलों के लोग अपने-अपने बुथ एजेंट से अपनी अपनी बहुमत के बारे में जानकारी प्राप्त कर जीत का दावा कर रहे हैं। हालांकि स्पष्ट मतगणना के दिन ही हो पाएगा। राजनीति पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा एवं आम ग्रामीणों के द्वारा भी जगह-जगह चौक चौराहे पर सिर्फ राजनीतिक का ही बात सुनी जा रही है। किस पार्टी को कितने मत मिले कहां से इसके बारे में पार्टी के कार्यकर्ता सर्वे करने में जुटे है इस बार चुनाव इतनी रोमांचक है कि सभी राजनीतिक दल के लोग अपने-अपने जीत के दावे करते हुए देखे जा रहे हैं।

सरकारी दर पर खरीदारी की सुविधा नहीं, किसान कर रहे हैं उचित मूल्य की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले भर में इस साल धान की फसल अच्छी होने से किसान काफी उत्साहित है। किसानों के अनुसार इतनी अच्छी फसल पिछले 20-25 साल में नहीं हुई थी इस वर्ष धान की रोपनी थोड़ी लेट हुई लेकिन वर्षा समय अनुसार होने के कारण धान की फसल बहुत ही अच्छी हुई है धान की फसल में पिलाई की मात्रा भी कम हुई है। किसान धान की फसल कटनी में लग चुके हैं कटनी के साथ-साथ धान की मिसाई भी हो रही है किसान बताते हैं कि इस वर्ष धान की फसल में खपतवार बहुत कम निकल रहा है पिलाई की मात्रा बहुत ही कम है इसके कारण उपजी ज्यादा आ रही है। धान की फसल अच्छी होने के बावजूद किसानों को अधिक लाभ होने की संभावना कम नजर आ रही है किसानों के खेत में धान की फसल अच्छी होने के बाद बाजार में धान का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। साहूकार धान की कीमत मनमानी ढंग से लगा रहे हैं। सरकारी अस्तर से धान की खरीदारी नहीं होने के कारण साहूकारों को मनमानी दर पर किसानो की उपज खरीदने का मौका मिला हुआ है किसान भी अपनी धान की उचित मूल्य नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं किसान कृष्णा उरांव, विनु उरांव, बलदेव बडाइक, अमीत उराँव, मंगरा उराँव सहित अन्य किसानों का कहना है कि सरकारी दर पर धान की खरीद जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और बाजार का कीमत बरकरार रहे।

ऐतिहासिक राधा-कृष्ण रास मेला में उमड़ा जनसैलाब

हजारों लोगों ने उठाया गीत संगीत व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा जिले के जलडेगा में शनिवार रात को आयोजित ऐतिहासिक राधा-कृष्ण रास मेला का उद्घाटन मेला समिति के अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष साहू, सचिव मोतीलाल ओहदार, सामाजिक कार्यकर्ता सुजान जोजो, पसंस जयंती देवी, रामेश्वर सिंह सहित प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मशहूर गायक महावीर साहू के वंदना से हुई, जिसके बाद जगदीश बड़ाइक, दिलेश्वर साहू और उर्मिला महंतों, खुशी कुमारी ने अपने सुरीली गायकी से रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। डांसर काजल एवं तमन्ना ने समा बांधे रखा, लोग रात भर झूमते नाचते-गाते रहे। मेले में प0 बंगाल का सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य, जदुरा, रांटा, नाच मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। विधी व्यवस्था के लिए विभिन्न स्थानों पर क ई मजिस्ट्रेट सहित भारी पुलिस बल तैनात रहे। बताते चलें की सैकड़ों वर्ष पूर्व से राधा-कृष्ण की याद में रास लीला का आयोजन किया जाता रहा है। मंच का संचालन रांची के प्रभात साहू के द्वारा किया गया। मेला समिति के अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी प्रशासनिक अधिकारियों, मेला समिति के पदधारियो, सहित आम जनों के प्रति आभार प्रकट किया है।

बेलानकानी माता के तीर्थ स्थल पहुंचे विधायक भुषण बाड़ा

सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): विधायक भुषण बाड़ा रविवार को फरसाबेड़ा स्थिति बेलानकानी माता के चर्च पहुंच कर ईश्वर से क्षेत्र के विकास, और तरक्की की प्रार्थना की। विधायक ने क्षेत्र के लोगों के लिए भी ईश्वर से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। विधायक ने चर्च में मौजूद पुरोहितों से भी मिलकर अशीर्वाद लिया। साथ ही चर्च के विकास पर चर्चा करते हुए चर्च के विकास में हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर चर्च के कई पुरोहित, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रतिमा कुजूर, अजित नवरंगी सहित अन्य उपस्थित थे।

नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में नीरज आर्य की अध्यक्षता में आर्य समाज की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के प्रांगण में आर्य समाज लोहरदगा के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता नीरज आर्य ने की बैठक में आर्य समाज लोहरदगा में विभिन्न बिंदुओं पर गहराई से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाना कार्यक्रम आयोजित करना, आर्य समाज के मूल सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराना, जिले के सभी स्नातक विद्यार्धियों जो महर्षि दयानंद के विचारधारा से प्रभावित हैं उनकी सूची बनाना तथा संपर्क में लाना, वेद धर्म के प्रचार-प्रसार यज्ञ, यज्ञ की महत्ता, आचार्य महर्षि दयानंद के संदेशों को घर-घर पहुंचाना, अंधविश्वास से लोगों में जागरूकता आदि विषय सम्मिलित थें। इस मौके पर नीरज आर्य,डॉ अशोक आचार्य, हिमांशु कुमार, भोला साहू, बृंद बिहारी जी के अलावे गणमान्य लोग उपस्थित थें।

ग्रामीणों के सहयोग से गौ तस्करों से पुलिस द्वारा 20 मवेशियों को जब्त कर ग्रामीणों में किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : कांडी-थाना क्षेत्र से होकर अवैध रूप से पशु तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 20 मवेशी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।घटना शनिवार रात की है।जब्त मवेशियों में 19 बैल व एक गाय शामिल है। ग्रामीणों ने देखा कि लगभग 10 बजे रात्रि में सरकोनी वनरोपण की ओर से बहुत संख्या में मवेशी को दो चार लोग लेकर जा रहे हैं।रोक कर पूछताछ करने पर किसी ने भी कोई सही जवाब नही दिया।उसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।सूचना पाकर पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर सभी मवेशियों को जब्त कर लिया।मवेशी पकड़ाने की सूचना पाकर कुछ पशु तस्कर मौके पर आकर ग्रामीणों के ऊपर दबाव बनाने लगे।लेकिन ग्रामीणों के द्वारा मवेशी को नही छोड़ने की बात सुनकर सभी मवेशी छोड़कर फरार हो गये।थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि सभी जब्त मवेशियों को लिखित रूप से 15 लोगों को आधार कार्ड लेकर जिम्मानामा दिया गया है।साथ हीं सख्त हिदायत दिया गया है किसी भी स्थिति में मवेशियों को बिक्री नही करना है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज करने की प्रक्रिया किया जा रहा है।जिन 15 लोगों को मवेशियों को जिम्मानामा दिया गया है उनमें डेमा निवासी विकास राम, सुरेश यादव, प्रदीप राम, अखिलेश राम, मनदीप रजवार, लखन राम को एक एक बैल दिया गया है।सेमौरा निवासी चनर राम , रामानुज बैठा व अनूप कुमार राम को दो -दो बैल दिया गया है।जबकि सेमौरा निवासी मीणा देवी को एक गाय दिया गया है। उधर सरकोनी निवासी राधेश्याम राम व जुगाड़ी पासवान को एक एक बैल तथा बिरझु राम तथा गोवर्धन शर्मा को दो - दो बैल का जिम्मानामा दिया गया है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के पुष्प रंजन, अजय कुमार सिंह, ददुआ, संजय कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

तेजवा पहाड़ हनुमान मंदिर प्रांगण में महायज्ञ के लिए कमेटी का गठन

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): सगमा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत तेजवा पहाड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त पंचायत सचिव शेषमणि यादव ने की। बैठक में वरिष्ठ ग्रामीणों और अभिभावकों ने सर्वसम्मति से विष्णु रुद्र महायज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया। महायज्ञ की तैयारी के लिए 45 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें राजेंद्र प्रसाद यादव को अध्यक्ष, राजू रंजन कुमार को सचिव और सत्येंद्र साह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा अमरेश कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रमोद प्रजापति को उपसचिव और अशोक चौधरी को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। कमेटी के अन्य सदस्यों में विवेकानंद रजक, अमित कुमार मेहता, राजेश कुमार रजक, सोनू कुमार मेहता, सतीश पांडे, संतोष प्रजापति, कमलेश यादव, आलोक कुमार यादव, नवलेश कुमार यादव सहित 45 लोगों को शामिल किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि हनुमान मंदिर के प्रांगण में भूमि पूजन 6 दिसंबर को किया जाएगा, जिससे महायज्ञ की शुरुआत होगी। महायज्ञ का आयोजन फागुन के महीने में किया जाएगा। बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रबुद्धजन उपस्थित थे। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

अवैध शराब कारोबार पर लोगों में बढ़ा आक्रोश, जल्द होगी कार्रवाई : आबकारी विभाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : मझिआंव थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के उत्पादन और बिक्री को लेकर लोगों में आबकारी विभाग के प्रति गहरी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की उदासीनता के कारण क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैल रहा है। मिलावटी और रासायनिक पदार्थों से बनी इस शराब के सेवन से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है और कई मौतें हो चुकी हैं। थाना क्षेत्र के लोहरपुरवा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में महुआ से बनी देसी शराब की चुलाई और बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। शराब माफिया, विभागीय कार्रवाई की अनदेखी करते हुए, गुप्त स्थानों पर अपना कारोबार जारी रखे हुए हैं। स्थानीय पुलिस और उत्पाद विभाग की छापेमारी के बावजूद इस कारोबार पर लगाम नहीं लग पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की लत से परिवारों का आर्थिक बजट बिगड़ रहा है और सामाजिक स्थिति बदतर हो रही है। वहीं, महुआ शराब में रासायनिक पदार्थों और दवाइयों की मिलावट ने इसे और खतरनाक बना दिया है। कई महिलाएं और प्रबुद्ध नागरिक अब अवैध शराब के खिलाफ आंदोलन की तैयारी में हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगी। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक निर्मल मरांडी ने बताया कि चुनाव के दौरान प्रशासनिक व्यस्तता के कारण कार्रवाई धीमी थी, लेकिन अब छापेमारी तेज की जाएगी। अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

लड़का-लड़की के मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना पर लगाया जमावड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : दूसरे समुदाय के लड़के के द्वारा गुरुवार की रात एक नाबालिग लड़की को भगा लिए जाने के मामले में हिंदू संगठन हिंदू एकता मंच के बैनर तले लोगों के द्वारा कांडी थाना को लड़का लड़की को बरामद करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। इस मामले को लेकर हिंदू एकता मंच के संस्थापक पुष्प रंजन से बात करने पर कहा कि सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि गढ़वा थाना में आरोपी लड़के ने लड़की के साथ सरेंडर कर दिया है। थोड़ी देर में गढ़वा थाना की पुलिस लड़का लड़की को न्यायालय में पेश करेगी लड़की महिला थाना गढ़वा में है। हम लोग इसकी मांग कर रहे हैं कि पुलिस यदि दोनों को सामने लाकर पर्याप्त कानूनी कार्रवाई नहीं करती है तो सोमवार की सुबह अनुमंडल पदाधिकारी सदर को अगले आंदोलनात्मक कदम को लेकर अनुमति के लिए आवेदन दे दिया जाएगा। तथा तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीणों के द्वारा इस दिशा में सुनिश्चित कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर इस तरह से किसी की इज्जत पर हमला करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया की देर रात्रि या अगली सुबह तक आप लोगों को कार्रवाई की सूचना मिल जाएगी।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

विविध

रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024 | पेज 12

मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज लिलवाकरम में एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर शुरू

एनसीसी कैडेट्स में देश सेवा का भाव जगाना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य : कर्नल कवरदीप

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में एनसीसी 44वीं झारखंड बटालियन के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का विधिवत आगाज रविवार को हुआ। यह शिविर 25 नवंबर 2024 तक मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज लिलवाकरम पोखराहा खुर्द में चलेगा। कॉलेज में यह प्रशिक्षण शिविर एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल कवरदीप साहानी तथा एडम आफिसर कर्नल अरुण बाड़ा के नेतृत्व में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में 17 ट्रेनिंग स्टाफ एवं 200 एनसीसी कैडेट्स शामिल हैं। शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स को मिलिट्री प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, लीडरशिप, स्किल, अनुशासन, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं अन्य चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय कैडेट कोर यानी एनसीसी के कैडेटों को संबोधित करते हुए कर्नल कवरदीप साहनी ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति और सेवा भावना का भाव विकसित करना है। एनसीसी का उद्देश्य छात्रों को देश का अच्छा नागरिक बनाना और उन्हें रक्षा सेवाओं के लिए तैयार करना है। इसमें शामिल युवा न केवल अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान देते हैं, बल्कि समाज और देश की सेवा के लिए भी प्रेरित होते हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता का विकास करना, अनुशासन और संगठनात्मक कौशल सिखाना है। सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि लीडरशिप का गुण सभी के अंदर होता है। लेकिन मुख्य बात यह है कि अपने अंदर के स्केल को जगाना है। कहा कि लीडरशिप जीवन में हमेशा काम करेगा। यह ऐसा गुण है जो हर दिन काम आता है। कर्नल कवरदीप साहनी ने कहा कि हर कैडेट्स देश का नागरिक है। सिर्फ यही भाव अपने आप में रखना है। कैडेट्स के बीच आपस में जाति, वर्ग और धर्म का कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कहा की 10 दिन के प्रशिक्षण के दौरान आप सभी को कॉपरेशन की सीख मिलेगा।

प्रशिक्षण शिविर में इनकी रही उपस्थितिः प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल कवरदीप साहनी तथा एडम आफिसर कर्नल अरुण बाड़ा के अलावे सूबेदार मेजर मना उरांव, सूबेदार दिलीप कुमार साहानी, सूबेदार गोकुल तिग्गा, नायक सूबेदार सीबी टोपनो और बिरसा उरांव, हवलदार पवन सिंह, अमरनाथ मुंडा, विजय धनवार, जेवियर कुजूर, राजू मुंडा, एके हेंब्रम, रमेश कुमार, ज्योति मनन, लाल पूर्ति, स्वर्णजीत सिंह, लेफ्टिनेंट आलोक कुमार पटनायक, ओआर संदीप कुमार ओझा, थर्ड ऑफिसर प्रमोद कुमार पांडे और दिलीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एनसीसी कैडेट्स में खुशी का माहौल : मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में शुरू किए गए एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर में शामिल सभी कैडेट्स में खुशी का माहौल देखा गया। बातचीत करने पर सभी ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर देश की सेवा करने की तमन्ना है। बताया कि मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में शांत वातावरण में हम लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो खुशी की बात है। यहां प्रशिक्षण देने वाले एनसीसी के सभी अधिकारी बहुत ही अच्छी बात बता रहे हैं। इन लोगों द्वारा बताई गई बातों को हम लोग पूरी तन मन के साथ अमल कर रहे हैं। एनसीसी के सभी अधिकारी मिलनसार हैं और अच्छी ट्रेनिंग दे रहे हैं हम लोगों में देश सेवा की भावना जागृत हो रहा है।

एनसीसी कैडेट्स में देशभक्ति की शक्ति भरना प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य : डॉ. श्वेता कुमारी

मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एनसीसी के अधिकारियों के द्वारा दिया जा रहा है। सभी अधिकारी पूरे तन और मन के साथ कैडेट्स को प्रशिक्षण देकर देश का एक योग्य नागरिक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एनसीसी कैडेट्स के बीच देश भक्ति और देश सेवा का जज्बा भर रहे हैं। साथ ही देश और समाज में रहने के अनुकूल ज्ञान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में हर वर्ष एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एनसीसी के सभी कैडेट्स को देश सेवा और देशभक्ति के अलावे डिफेंस के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। ताकि जरूरी पड़ने पर सभी कैडेट्स देश की सेवा कर सकें। प्रधानाचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी ने एनसीसी के सभी अधिकारी और कैडेट्स को धन्यवाद दिया।

संकल्प सह घोषणा पत्र

1. जिन गुंडों ने लेडीडूमर, बेहराकुदर, चिटाही सहित बाघमारा विभिन्न क्षेत्र में रैयतों को कमजोर समझ कर उनकी जमीन लूटी है उसे तत्काल रैयतों को वापस दिलवाउंगा।
2. बीसीसीएल कोलियारियों में सभी वर्ग के लोग 100 टन 200 टन कोयला डीओ लगा सके उसकी सम्पुर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराउंगा।
3. बाघमारा में आउटसोर्सिंग कंपनीयों में व्याप्त गुंडाराज को खत्म कर स्थानीय लोग युवा बेरोजगारों को रोजगार के साथ साथ उसके संचालन की व्यवस्था का भी दायित्व दिलाने का कार्य करूंगा।
4. बाघमारा के हर पंचायत में लायब्रेरी की सम्पुर्ण व्यवस्था करूंगा।
5. बाघमारा के हर पंचायत पर एक-एक सहित कुल आठ एम्बुलेंस पूरी बाघमारा में मुफ्त सेवा हेतु प्रदान करूंगा।
6. बाघमारा विधायक बनने के 6 माह के भीतर 5000 युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार की बात सुनिश्चत व्यवस्था करूंगा तथा हर एक पंचायत में महिलाओं के लिए सिलाई केन्द्र खोला जाएगा ।
7. बाघमारा के महिलाओं के माथे से पानी का ढेकची हटाकर पानी की हर घर में समुचित व्यवस्था करूंगा।
8. बाघमारा के हर घर में बीसीसीएल, टाटा से कंपनी एक्ट के तहत आने वाली हर सुविधा पानी, बिजली, स्वास्थ एवं अन्य हर सुविधा उपलब्ध कराउंगा।
9. कोलियारीयों में मजदुरों से लोडिग के नाम पर हो रहे अवैध वसुली पर रोक लगाकर मजदुरों की हक अधिकार दिलउंगा।

मैं धनबाद जिला के बाघमारा विधान सभा के विधायक पद हेतु, कर्मठ एवं ईमानदार प्रत्याशी रोहित यादव मेरा चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन छाप पर 12 नंबर पर बटन दबा कर मुझे विजय बनाए। मेरा वादा है संकल्प सह घोषणा पत्र में दिए गए सभी कार्य करूंगा।

चुनाव चिन्ह



क्रम संख्या 12